बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 17 मई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 109 | मूल्य - 5 रुपये












## नीदरलैंड ने प्रधानमंत्री मोदी को भारत के चोल राजवंश के ताम्रपत्र वापस किये



**हेग, (भाषा)।** नीदरलैंड ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में चोल राजवंश से जुड़े ताम्रपत्र शनिवार को भारत को वापस लौटा दिये। ये ताम्रपत्र 11वीं शताब्दी के हैं और इस पहल को दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात की संक्षिप्त यात्रा के बाद नीदरलैंड पहुंचे। यह उनके पांच देशों की यात्रा का दूसरा पड़ाव है, जिसमें स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी शामिल हैं।

उन्होंने इस अवसर को 'हर भारतीय के लिए खुशी का क्षण' बताया। भारत 2012 से अनाइमंगलम ताम्रपत्रों की वापसी के लिए प्रयासरत है, जिन्हें नीदरलैंड में लीडेन प्लेट्स के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ÷यह हर भारतीय के लिए एक खुशी का क्षण है! 11वीं शताब्दी के चोल ताम्रपत्र नीदरलैंड से भारत वापस लाए जाएंगे। उन्होंने यह चोल राजवंश से जुड़े तामपत्रों की वापसी के लिए आयोजित एक विशेष समारोह में भाग लेने के बाद कही। उन्होंने कहा कि इन ताम्रपत्रों में 21 बड़े और तीन छोटे ताम्रपत्र शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से तमिल भाषा में लिखे गए पाठ हैं। ये चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷ये ताम्रपत्र चोल साम्राज्य की महानता को भी दर्शाते हैं। भारत को चोलों, उनकी संस्कृति और उनकी समुद्री शक्ति पर बेहद गर्व है।÷ ये 21 ताम्रपत्र चोल राजवंश के सबसे महत्वपूर्ण बचे हुए अभिलेखों में से एक माने जाते हैं और भारत के बाहर कहीं भी मौजूद तमिल विरासत की महत्वपूर्ण कलाकृतियों में से हैं। प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड सरकार और लीडेन विश्वविद्यालय का आभार जताया, जहां ये ताम्रपत्र 19वीं शताब्दी के मध्य से सुरक्षित रखे गए थे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ये ताम्रपत्र चोल वंश की विरासत को दर्शाते हैं और इनकी वापसी ÷विदेशों से भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों को वापस लाने की दिशा में एक और कदम÷ है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ये ताम्रपत्र तमिलनाडु के नागपट्टिनम स्थित 'चूलामणिवर्म-विहार' नामक बौद्ध विहार को अनाइमंगलम गांव दान में दिए जाने को औपचारिक रूप देते हैं। इसमें कहा गया है कि ताम्रपत्रों पर तमिल और संस्कृत में लिखे गए पाठ अंकित हैं। ये 21 ताम्रपत्र चोल राजवंश के सबसे महत्वपूर्ण बचे हुए अभिलेखों में से एक माने जाते हैं और भारत के बाहर कहीं भी मौजूद तमिल विरासत की महत्वपूर्ण कलाकृतियों में से हैं। राज राज चोल प्रथम के काल के इन ताम्रपत्रों का वजन लगभग 30 किलोग्राम है और ये चोल राजवंश की शाही मुहर वाली एक कांस्य की अंगूठी से एक साथ बंधी हुई हैं। इन ताम्रपत्रों को दो भागों में बांटा गया है। एक भाग में संस्कृत में पाठ हैं, दूसरे में तमिल में। राजराज चोल प्रथम एक हिंदू सम्राट थे जिन्होंने एक बौद्ध मठ के लिए राजस्व बंदोबस्ती प्रदान की थी। राजराज चोल प्रथम ने मूल रूप से इस संबंध में मौखिक आदेश दिया था, जिसे ताड़पत्रों पर अंकित किया गया था, लेकिन उनके पुत्र राजेंद्र चोल प्रथम ने अनुदान आदेश को टिकाऊ ताम्रपत्रों पर उत्कीर्ण करवाकर इसे संरक्षित किया। ताम्रपत्रों को जोड़ने वाले पीतल के छल्ले पर राजेंद्र चोल की मुहर लगी है। इन ताम्रपत्रों को 1700 वीं शताब्दी में फ्लोरेंटियस कैम्पर द्वारा नीदरलैंड लाया गया था, जो उस समय भारत में एक ईसाई मिशनरी का सदस्य था। ताम्रपत्र पर उल्लिखित शहर तमिलनाडु का नागपट्टनम है जो उस समय नीदरलैंड के नियंत्रण में था।

## एएसआई ने हिंदुओं को भोजशाला में बिना रोक-टोक जाने की इजाज़त भी दी..

**धार (भाषा)।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा धार जिले स्थित भोजशाला को देवी सरस्वती का मंदिर करार दिए जाने के एक दिन बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को हिंदू समुदाय को पूजा-अर्चना और अन्य गतिविधियों के लिए स्मारक में निर्बाध प्रवेश की अनुमति दे दी।


एएसआई के आदेश का हवाला देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि भोजशाला संस्कृत भाषा, व्याकरण और साहित्य के अध्ययन एवं अनुसंधान का केंद्र होने के साथ-साथ एक मंदिर भी रही है। उन्होंने कहा कि इस कारण हिंदू समुदाय को ''माता सरस्वती की पूजा और अध्ययन की प्राचीन परंपरा'' के तहत परिसर में निर्बाध प्रवेश की अनुमति दी गई है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने शुक्रवार को अपने फैसले में एएसआई के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया था, जिसके तहत हिंदुओं को केवल मंगलवार को पूजा की अनुमति दी गई थी तथा मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार को नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी। मामले के मुख्य याचिकाकर्ता संगठन 'हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस' के आशीष गोयल ने कहा, ''नई व्यवस्था में एएसआई ने पहली बार इस ऐतिहासिक स्थल को 'राजा भोज द्वारा स्थापित भोजशाला एवं संस्कृत पाठशाला' के रूप में उल्लेखित किया है तथा पहले इस्तेमाल किए जाने वाले 'कमाल मौला मस्जिद' शब्द का उपयोग नहीं किया है।'' उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से यह घटनाक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गोयल ने कहा कि एएसआई का आदेश लंबे समय से चले आ रहे विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भोजशाला के ऐतिहासिक स्वरूप और वहां हिंदू पूजा परंपरा की निरंतरता पर विशेष जोर दिया है, जिसके चलते एएसआई के नए आदेश में हिंदुओं को साल के 365 दिन पूजा करने का अधिकार दिया गया है।




## बवासीर के इलाज में अब गोंदिया के डॉ. विकास जैन की नई 'विकास टेक्निक' को अपनायेंगे दुनिया के डॉक्टर..

### एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड के ब्राईटन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. विकास जैन ने कराया विकास टेक्निक से दूनिया के डॉक्टरों को परिचित..



### गोंदिया के सर्जन डॉ. विकास जैन ने विश्व मंच पर फिर एक बार बढ़ाया भारत का गौरव..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*चिकित्सा जगत में अक्सर पश्चिमी देशों के आविष्कारों की चर्चा होती है, लेकिन इस बार यूनाइटेड किंगडम के ब्राइटन में आयोजित प्रतिष्ठित एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारतीय नाम और वो भी गोंदिया के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. विकास जैन के नाम की धूम रही। भारतीय सर्जन गोंदिया के डॉ. विकास जैन ने उनके द्वारा बवासीर के*

इलाज हेतु विकसित की गई नई पद्धति 'विकास टेक्निक' का ब्राईटेन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सफल अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतिकरण किया, जिसके बाद ना सिर्फ उनके प्रयासों से विकसित विकास टेक्निक को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चिकित्सकों के बीच सराहना मिली, बल्कि डॉ. विकास जैन की विकास टेक्निक को अब दुनिया के डॉ. भी अपनायेंगे, और इससे निश्चित ही बवासीर जैसी व्याधि के उपचार के उपरांत होने वाली पीड़ा से मरीजों को जल्द ही राहत मिल सकेगी। गौरतलब है कि डॉ. विकास जैन की विकास टेक्निक की खूबियों को लेकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में मार्गदर्शन हेतु ब्राईटन आमंत्रित किया गया था, जहां पर डॉ. विकास जैन ने विकास टेक्निक के संदर्भ में दुनिया के डॉक्टस के समक्ष मार्गदर्शन दिया।

### क्या है 'विकास टेक्निक' और क्यों है यह खास?

डॉ. विकास जैन ने ब्राईटन में विकास टेक्निक को मिली नई पहचान के दौरान बताया कि यह तकनीक ग्रेड 3 और ग्रेड 4 बवासीर जैसी जटिल स्थिति से जूझ रहे मरीजों के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरी है। यह दरअसल प्रसिद्ध 'चिवाते टेक्निक' का एक आधुनिक और उन्नत लेप्रोस्कोपिक रूपांतरण है, यानी इसे पहले से और बेहतर बनाया गया है। डॉ. विकास जैन ने कॉन्फ्रेंस में बताया कि विकसित इस पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता इसकी 'कंटीन्यूअस डबल इंटरलॉकिंग स्यूचरिंग' है। ऑपरेशन के दौरान डेंटेट लाइन से 4 सेमी और 2 सेमी ऊपर, दो अलग-अलग स्तरों पर टांके लगाए जाते हैं। इस तकनीक की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह मलाशय और एनल कैनाल की प्राकृतिक फैलाव क्षमता को सुरक्षित रखती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह सर्जरी के बाद होने वाली दिक्कतों को कम करने और मरीज को जल्दी ठीक करने का एक बेहद असरदार तरीका है।

### ब्रिटिश जर्नल ऑफ सर्जरी में मिली जगह..

गौरतलब है क इस नई खोज की गंभीरता और सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके एब्स्ट्रैक्ट को दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल पत्रिकाओं में शुमार 'ब्रिटिश जर्नल ऑफसर्जरी' के आगामी अंक में प्रकाशन के लिए स्वीकार कर लिया गया है। किसी भी सर्जन के लिए इस जर्नल में स्थान पाना एक बहुत बड़ी कामयाबी माना जाता है, तथा यह बड़ी बात हो कि दुनिया में इस पद्धति को सर्जन अपनाएंगे, और विकास टेक्नीक का जब उल्लेख होगा तो इसके साथ ही डॉ. विकास जैन की प्रतिभा के साथ ही गोंदिया शहर का भी उल्लेख होगा।

### बोले डॉ. विकास जैन..

अंतर्राष्ट्रीय सर्जन कॉन्फ्रेंस में विकास टेक्नीक पर मार्गदर्शन देने के उपरांत चर्चा किये जाने पर डॉ. विकास जैन ने कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि उन गुरुओं की है जिन्होंने मुझे सिखाया। मैं अपनी इस तकनीक को अपने प्रेरणास्त्रोत स्वर्गीय डॉ. चिवाते सर को समर्पित करता हूं, साथ ही, डॉ. प्रशांत रहाटे, डॉ. जितेन चौधरी, डॉ. कन्हैया चांडक और डॉ. लक्ष्मीकांत लाडुलकर सर के मार्गदर्शन, निरंतर सहयोग और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बिना इस शोध को इस अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचाना और स्वीकृत कराना संभव नहीं था। गौरतलब है कि ब्राइटन के सम्मेलन में डॉ. विकास जैन की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय डॉक्टर न केवल बेहतरीन इलाज कर रहे हैं, बल्कि वे चिकित्सा क्षेत्र में नए-नए तरीके खोजने के मामले में भी दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। विकास टेक्निक का अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहा जाना भारतीय चिकित्सा इतिहास के लिए और गोंदिया जिले के भी एक गौरवपूर्ण पल है। अब दुनिया भर के मरीज भारत में ईजाद हुई इस तकनीक से लाभान्वित हो सकेंगे, जो चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक मिसाल है।

### डॉ. विकास जैन ने अनेक रिकार्ड भी कायम किये..

गौरतलब है कि एक सर्जन के रुप में गोंदिया जैसे छोटे से जिले में मरीजों को उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए भी विश्व मंच पर डॉ. विकास जैन ने समय समय पर जिले और देश को गौरवान्वित किया है। इसके पूर्व में अनेक सफल ऑपरेशन के लिये डॉ. विकास जैन का नाम लिम्बा बुक ऑफ अवार्ड, एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल हो चुका है। इसके पहले भी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में डॉ. विकास जैन ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है, तो वहीं गोंदिया जैसे छोटे से जिले में देश और दुनिया के प्रसिद्ध सर्जन्स को साथ लाकर विश्वस्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर भी गोंदिया को पहचान देने का काम किया है।

**आवश्यकता है..**

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क करें..*

*मो. 9301210805, 7000671780*








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी

मो. 7898530101

जग प्रेरणा

# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी



विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433


# सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में समर कैंप का समापन..

## रंगारंग संगीत नृत्य की प्रस्तुतियां प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने सीखे हुए कौशल का किया प्रदर्शन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में एक मई 2026 से संचालित समर कैंप का समापन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ।

### समापन समारोह..

विद्या भारती महा कौशल प्रांत के प्रादेशिक सह सचिव श्री नितिन चौधरी, विद्या भारती जिला सिवनी के जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल, संस्था व्यवस्थापक श्री नृपेश ठाकुर, सह व्यवस्थापक श्री संदीप मोरघडे, दैनिक संवाद कुंज से श्रीमती मंजुला कौशल, डॉ. आशुतोष गौर, जन शिक्षक श्री पंकज तिवारी, योगाचार्य श्री भगवान दास आधवान के आतिथ्य में आयोजित किया गया।

आयोजन का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत श्री प्रकाश गुप्ता एवं श्री कृष्ण मुरारी दुबे ने किया। आयोजन के क्रम में समर कैंप के विषय में विस्तृत जानकारी संस्था प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव ने रखते हुए बताया कि 15 दिवसीय समर कैंप में योग, प्राणायाम, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, स्केटिंग, विभिन्न भारतीय खेल, मूर्तिकला, चित्रकला, कर्सिव राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश, मैजिक मैथ्स, मेहंदी संगीत नृत्य कम्प्यूटर आदि विभिन्न विधाओं का विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उपरोक्त समर कैंप में सिवनी नगर के 40 से अधिक स्कूलों के 500 से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को 20 से अधिक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रस्तावना प्रस्तुतीकरण के उपरांत मंचासीन अतिथियों द्वारा समर कैंप में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले विभिन्न प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले प्रशिक्षकों में योग प्राणायाम हेतु श्री भगवान दास आधवान एवं श्रीमती सरिता आंधवान, बैडमिंटन प्रशिक्षण प्रदान करने वाली सुश्री महजवीन एवं श्रेया बघेल, चित्रकला प्रशिक्षक श्री महेंद्र पवार, स्पोकन इंग्लिश एवं नृत्य श्रीमती वर्षा साहू, संगीत प्रशिक्षक श्री तेज प्रताप सिंह, मेहंदी प्रशिक्षक सुश्री प्रज्ञा नंदनवार एवं दीपाली आत्मपूज्य, मूर्तिकला प्रशिक्षक श्री दिनेश ठाकुर एवं अरविंद सैन्धे प्रमुख थे।प्रतिभागी छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षकों के सम्मान के उपरांत समर कैंप के प्रतिभागी भैया बहिनों द्वारा मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। समर कैंप में सीखें गये कला कौशल का प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा निर्मित चित्रकला, मूर्तिकला, रंगोली, मेहंदी, आर्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसकी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।अपने संबोधन में उपस्थित प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यालय व्यवस्थापक श्री नृपेश ठाकुर ने उनसे समर कैंप में सीखे गये कला कौशल को जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे अपेक्षा की कि इन 15 दिनों में सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त संस्कारों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी बताया एवं अन्य संस्थाओं को इससे प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

### आभार प्रदर्शन..

पाली प्रभारी श्री जीतेन्द्र सोनी ने किया जबकि सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विभा परमार ने किया। अंत में आईसक्रीम एवं खीर वितरण से समारोह का समापन हुआ। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी नरेंद्र चौरसिया ने प्रदान की।

## नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के विरोध में..

# जिला कांग्रेस ने मशाल जुलूस निकालकर कराया विरोध दर्ज

### दोषियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जावे-नरेश मरावी..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

*देश की प्रतिष्ठित नीट(राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश) परीक्षा में हुए '' पेपर लीक प्रकरण'' ने सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए है।*

केन्द्र की मोदी सरकार के संरक्षण में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और नीट परीक्षा से जुड़े अनेक भ्रष्ट लोगो द्वारा आज देश की शिक्षा व्यवस्था पूर्णतः ध्वस्त हो चुकी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी जी के नेतृत्व में नीट पात्रता परीक्षा में हुए पेपर लीक प्रकरण से अभिभावको के साथ हुए अन्याय के विरोध में एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर नगरपालिका चैक से नेहरू रोड़ होते हुए गांधी चैक शुक्रवारी तक मशाल जुलूस निकालकर केन्द्र की मोदी सरकार के संरक्षण में पल रहें भ्रष्टाचारियों द्वारा देश के करोड़ो मेहनती छात्र-छात्राओं भविष्य अंधकार मय किये जाने के विरोध में समस्त कांग्रेस जनों की उपस्थिति में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने पेपर लीक प्रकरण के समस्त षडयंत्रकारियों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, जेपीएस तिवारी, मोहनसिंह चंदेल, सुरेन्द्र करोसिया, विष्णु करोसिया, शफीक खान, पवन दिवाकर, अतुलचंद मालू, सुजीत नाहटा, रामकुमार कुल्हाड़ा, मुबारक खान, एड़ श्याम डेहरिया, रंजीत यादव, अशोक सिरसाम, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, तनवीर अहमद, अशोक नवरेती, धनंजय सिंह, धुव्रनारायण चैधरी, राजिक अकील, श्रीमती शबनम खान, महमूद खान, नब्बू भाई, शिबू सेंगर, नन्दू यादव, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, शिवदीप डेहरिया, एजाज खान, राजेन्द्र कंगाली, रविन्द्र राजपूत, सुजीत गोदरे, एड़ राजसिंह बघेल, आरिफ सफारी, सतेन्द्र बघेल सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन की उपस्थिति रही।


सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101


# स्व. ठाकुर हरवंश सिंह की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस ने वृद्धजनों को किया फल वितरण..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

*मप्र के कद्दावर नेता रहे स्व ठाकुर हरवंश सिंह जी की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस द्वारा वृद्धजनों को फ्ल वितरण किया गया।*

मप्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं मप्र सरकार में पूर्व त्रिविभागीय मंत्री रहे, मप्र के कद्दावर नेताओं में गिने जाने वाले स्वर्गीय ठाकुर हरवंश सिंह जी की पुण्य तिथि कांग्रेस पार्टी द्वारा मनाई गई।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फ्ल वितरण किया गया एवं स्व ठाकुर हरवंश सिंह जी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद, जिला कांग्रेस के पूर्व महामंत्री रंजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य नितिन डहरिया, **NSUI** जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, आरिफ सफारी, दीप श्रीवास्त्री आसिम मंसूरी, यश यादव, साजिद, अदनान खान, नासिर खान सहित कांग्रेसी उपस्थित हुए।

# हनुमान व्यायाम शाला भैरोगंज में 17 मई से 24 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*सभी के सुख, शांति एवं आत्म कल्याण की भावना के साथ नगर के भैरोगंज क्षेत्र स्थित परतापुर रोड हनुमान व्यायाम शाला में विधि-निधि निवास सोनकेसरिया परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।*

यह कथा 17 मई 2026 रविवार से 24 मई 2026 रविवार तक चलेगी। कथा व्यास के रूप में श्रीधाम चित्रकूट के प्रख्यात संत महन्त श्री पं. देवकी नंदन जी पाण्डेय महाराज व्यास पीठ से ओजस्वी मधुरवाणी में संगीतमय और आध्यात्मिक ज्ञान गंगा प्रवाहित करेंगे जो कि महाराज जी का पैतृक स्थान श्रीधाम चित्रकूट से पधारेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायंकाल 5 बजे तक चलेगी। आठ दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 17 मई रविवार को विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। गणेश पूजा नगर गृह के देवी-देवताओं का पूजन कर भागवत कथा का शुभारंभ होगा। जिसमें भक्ति ज्ञान की कथा, सुकदेव जन्म एवं राजा परीक्षित जी की कथा, सती-शिव कथा एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव, बाललीला एवं गोवर्धन पूजा, रूक्मणी विवाह का प्रसंग, सुदामा चरित्र एवं कथा विराम होगा। दिनांक 24 मई दिन रविवार को हवन पूजन पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजक विधि-निधि निवास सोनकेसरिया परिवार ने हनुमान व्यायाम शाला,परतापुर रोड भैरोगंज में सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहपरिवार पधारकर सत्संग का लाभ प्राप्त करने और अपने जीवन को सफ्ल बनाने का आग्रह किया है।

# महिला पुलिस ने दिया छात्रों को मार्गदर्शन, कैसे करती है पुलिस लोगों की सुरक्षा..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

*कौशल विकास के अंतर्गत व्यावसायिक ट्रेड में ई एफए साल में सुरक्षा ट्रेड के विद्यार्थियों को 20 दिवसी ग्रीष्मकालीन जो ऑन द जॉब ट्रेनिंग का प्रशिक्षण*

दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा सेवा में रहते हुए किए जाने वाले कार्यों को लेकर किस तरह से लोगों को सुरक्षा प्रदान की जाती है इस बात को लेकर ट्रेड से जुड़े हुए छात्रों को नगर कोतवाली के अंतर्गत महिला अध्यक्ष प्रभारी संदीपिका ठाकुर ने मार्गदर्शन दिया उन्होंने बताया कि पुलिस का कार्य की समय सीमा नहीं होती किसी भी समय पुलिस को लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जागरूक रहना पड़ता है।

पुलिस की जागरूकता के कारण लोग चयन की नींद से सोते हैं और उन्हें इसी प्रकार की तकलीफ नहीं होती अपराधियों को पकड़ना हो या फिर झगड़ा बलवा आदि की घटनाओं में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण हुआ करती है इस अवसर पर कुशल मार्गदर्शन के रूप में द्वारका प्रसाद शिववेदी सुबेदार मेजर एक्स आर्मी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**जगप्रेरणा सिवनी।**

*जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के बरेला चौक में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफ्र किया गया है।*

पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, घंसौर निवासी 35 वर्षीय नंदकिशोर साहू (पिता राम कुमार साहू) जबलपुर से अपने घर लौट रहे थे। शुक्रवार देर रात जब वे बाइक से घंसौर वापस आ रहे थे,तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नंदकिशोर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल नंदकिशोर को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो चालक हादसे के बाद मौके से फ्रार हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात बोलेरो वाहन और उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। घंसौर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता है। नागरिकों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने और सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी उपाय करने की मांग की है।

# अजगर ने किया चीतल के शावक का शिकार..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

*जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की कर्माझिरी रेंज के जोड़ामुनारा क्षेत्र में एक अजगर ने चीतल के शावक का शिकार कर लिया।*

इस घटना का एक वीडियो भी शनिवार को सामने आया है, जिसमें अजगर शावक को निगलता दिख रहा है। घटना शुक्रवार दिन की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार जंगल में गश्त कर रहे कुछ वनकर्मियों और पर्यटकों ने इस दृश्य को देखा। वीडियो में चीतल का शावक अजगर की पकड़ से छूटने के लिए संघर्ष करता दिख रहा है, लेकिन अजगर ने उसे मजबूती से जकड़ रखा था।

कुछ ही देर में अजगर ने शावक को पूरी तरह निगल लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजगर जहरीले नहीं होते, बल्कि वे अपने शिकार को कुंडली में कसकर उसकी सांस रोक देते हैं। इसके बाद वे शिकार को पूरा निगल जाते हैं। पेंच के जंगलों में भारतीय अजगरों की अच्छी संख्या पाई जाती है, क्योंकि यहां घने जंगल, जलस्रोत और वन्यजीवों की उपलब्धता उनके लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है।

# गेहूं उपार्जन 2026-27 : जिले में 2.55 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं उपार्जन कार्य तेजी से जारी है। 16 मई 2026 की स्थिति में जिले में कुल 2 लाख 55 हजार 115 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है।

इस वर्ष 54 हजार 96 किसानों ने पंजीयन कराया है तथा 78 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीदी की जा रही है। किसानों को 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य का लाभ दिया जा रहा है। उपार्जन प्रक्रिया में अब तक 44 हजार 281 स्लॉट बुक किए गए, जिनमें से 32 हजार 281 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय किया गया। उपार्जित गेहूं की कुल राशि 659.47 करोड़ रुपये दर्ज की गई है। किसानों के भुगतान के लिए 2501 ईपीओ जनरेट किए गए, जिनमें से 2489 ईपीओ साइन हो चुके हैं।

अब तक 394.06 करोड़ रुपये का सफल भुगतान किसानों के खातों में किया जा चुका है। जिला प्रशासन द्वारा उपार्जन, परिवहन एवं भुगतान संबंधी सभी प्रक्रियाओं की लगातार मॉनिटरिंग कर कार्यों को समयसीमा में पूर्ण कराया जा रहा है।

# डेंगू नियंत्रण को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**जगप्रेरणा सिवनी।**

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर शनिवार 16 मई 2026 को जिला अस्पताल सिवनी में डेंगू नियंत्रण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को डेंगू से बचाव की शपथ दिलाई तथा आमजन से सतर्क रहने की अपील की। सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने कहा कि बारिश के मौसम में मच्छरों की उत्पत्ति बढ़ने से डेंगू संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने नागरिकों से घरों एवं आसपास पानी जमा न होने देने, साफ्सफाई बनाए रखने तथा बुखार आने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में डेंगू नियंत्रण के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित लार्वा सर्वे, स्रोत नष्टीकरण अभियान एवं आवश्यकतानुसार फॉगिंग कार्य कराए जाएंगे। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य अमले के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी रामजी भलावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश डेहरिया सहित स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।








कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975







# नीट छात्र छात्राओं को शामिल नही करवा पाए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मशाल रैली आंदोलन में ..

## पेपर लिक के विरोध में बालाघाट में कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली..

## कांग्रेस कार्यालय से शुरु कर 200 मीटर चलकर हनुमान चौक में समाप्त कर दिया कांग्रेस ने प्रदर्शन..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***भले ही बालाघाट जिले में पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 4 विधायकों ने जीत दर्ज की, लेकिन इसके बाद भी जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उईके के नेतृत्व में दुर्गती का शिकार हो चुकी है। इस बात का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि आज 16 मई को बालाघाट में कांग्रेस ने***

नीट पेपर लीक के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ मशाल रैली निकाली, लेकिन इस मशाल रैली में कांग्रेस के चिरपरिचित हमेशा नजर आने वाले नेता और पदाधिकारी ही नजर आए, लेकिन इस मशाल रैली में जिन छात्रा छात्राओं के साथ छलावा हुआ, वो छात्र दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आए। हांलांकि इस मशाल रैली के लिये कांग्रेस द्वारा नीट छात्र छात्राओं से शामिल होने का आहवान किया गया था, लेकिन इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस और कांग्रेस का छात्र संगठन कितना कमजोर हो चुका है तथा कांग्रेस किस दुर्गती का शिकार हो चुकी है कि कांग्रेस द्वारा आहवानित आंदोलन में वे शामिल नहीं हुए जिनके लिये आंदोलन किया गया।

बालाघाट में कांग्रेस द्वारा आयोजित मशाल रैली की हद तो तब भी हो गई, जब कांग्रेस के हनुमान चौक के समीप ही कार्यालय से कांग्रेस पदाधिकारियों ने मशाल रैली निकाली, और यह मशाल रैली कांग्रेस कार्यालय से 200 मीटर की दूरी पर स्थित हनुमान चौक पहुंचाकर ही समाप्त कर दी गई। सबसे बड़ी बात मशाल रैली में कभी मशाल की होली नहीं जलाई जाती, लेकिन प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने मशाल की होली जला दी, और छात्र छात्राओं के हितों की रक्षा के लिये भाजपा सरकार पर आरोप भी लगाए।

### बोले संजय उईके..

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय उईके ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि बड़े शर्म की बात है कि मोदी सरकार के नेतृत्व में युवाओं और विद्यार्थियों के साथ बार बार उनके भविष्य के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। बार बार नीट के पेपर लीक हो रहे हैं, हमारे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सरकार के शिक्षा तंत्र पर इससे प्रश्न चिन्ह लगता है।

संजय उईके ने आगे यह भी कहा कि मजदूर किसान का बच्चा डॉ. बनने का सपना लेकर कड़ी मेहनत करता है, और पेपर लीक करके होनहार बच्चों के साथ अन्याय किया जा रहा है। स्पष्ट दिख रहा है कि सरकार में शामिल लोगों के संरक्षण में पेपर लीक हो रहा है, और ठोस कार्यवाही नहीं होने से बार बार ऐसा हो रहा है। मोदी राज में पूरा शिक्षा तंत्र भ्रष्ट हो गया है। हमारी मांग है कि पेपर ली की सहीं जांच होना चाहिये। सरकार में बैठे जो लोग इस घोटाले में शामिल है, उनका पर्दाफाश होना चाहिये।

### यह रहे उपस्थित..

कांग्रेस द्वारा निकाली गई मशाल रैली में प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके, विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक विवेक पटेल, भीम फुलसंघे, सुशील पालीवाल, अनुप सिंह बैस, रहीम खान, श्याम पंजवानी, मुकेश चौहान, अंकित अग्रवाल, निर्मल सोनी, उम्मेद लिल्हारे, महसुद खान, दयाल वासनिक, महेश सहारे, जीतु बर्वे, रामसिंह भाटिया, नरेन्द्र चौहान, श्रीनिवास राव, नरेश कटारिया, अभय मोदी संहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का बालाघाट की तरुणाई ने किया उत्साहपूर्वक स्वागत..

## कंजई, लालबर्रा, कनकी, गर्रा से लेकर शहर प्रवेश तक दावेदारों ने हुजुम के साथ किया स्वागत..

## विशाल मंगलानी, तपन राजा चौधरी, अमन गांधी, प्रबल जायसवाल की अगुवाई में उमड़ा युवाओं का जनसैलाब..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का आज 16 मई को बालाघाट आगमन हुआ। बालाघाट जिले में प्रवेश पर प्रदेश युवा मोर्चा का स्वागत युवा मोर्चा के विभिन्न युवाओं द्वारा बालाघाट जिले की सीमा रेखा ग्राम कंजई से प्रारंभ किया गया। ग्राम कंजई से लालबर्रा, कनकी, गर्रा चौक और***

उसके बाद जयस्तंभ चौक तथा काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक आदि चौराहों पर युवाओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का लाव लश्कर और समर्थकों के हुजुम के साथ भव्य स्वागत किया, जिसके बाद श्याम टेलर का काफिला भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, महिला मोर्चा एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का फुलमालाओं स्वागत किया, तो वहीं उद्बोधन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को प्रोत्साहित भी किया।

### चौक चौराहों पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के दावेदारों ने दिखाया उत्साह..

गौरतलब है कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के बालाघाट नगर में आगमन पर प्रबल जायसवाल, ऋषभ भाटिया द्वारा स्वागत किया गया, वहीं इसके उपरांत काली पुतली चौक में तपन (राजा) चौधरी एवं दीपक लिल्हारे एवं उनके समर्थकों के भारी हुजुम ने भव्य फुलमालाओं के साथ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का अभिनंदन किया। इसके बाद काली पुतली हनुमान मंदिर में प्रज्वल चौरसिया के नेतृत्व में युवाओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। हनुमान मंदिर चौक के आगे पीजी कॉलेज के सामने युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत हिमांशु चौकसे, अखिलेश चौरे एवं उनके समर्थकों द्वारा किया गया, वहीं आंबेडकर चौक पर युवाओं के भारी हुजुम के साथ विशाल मंगलानी द्वारा प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष का स्वागत किया गया। विशाल मंगलानी के नेतृत्व में स्वागत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने केक काटकर स्वागत स्वीकार किया, वहीं इसके उपरांत भाजपा कार्यालय के पहले अटल उद्यान में अमन गांधी एवं युवा साथियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। अटल उद्यान से फिर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल आदि वरिष्ठों की उपस्थिति में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष को ससम्मान कार्यालय में लाकर दीप प्रज्वलन कर स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमन गांधी ने किया।

### यह रहे मंचासीन..

प्रदेश युवा मोर्चा के भाजपा कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, विधायक गौरव सिंह पारधी, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### युवा मोर्चा वो डंडा है, जिसमें भाजपा का डंडा है..

प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम टेलर ने भाजपा कार्यालय में उद्बोधन में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी और स्व. अटलबिहारी बाजपेयी को याद किया, और उनके पदचिन्हों पर चलकर कार्य करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने युवाओं में जोश पैदा करते हुए कहा कि युवा मोर्चा वो डंडा है, जिसमें भाजपा का डंडा है। श्री टेलर ने कहा कि हमें इस बात को समझना होगा, हमारी ताकत हमारा सर्वस्व लगाकर हमें राष्ट्रभक्ति के पसीने से पार्टी को और ऊंचाईयों पर ले जाने के क्रम को बनाये रखना होगा। श्री टेलर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा संगठन और देश के विकास की सराहना की, वहीं प्रधानमंत्री जी के ईंधन बचाओ की अपील पर युवा मोर्चा को जुट जाने का आहवान किया। श्री टेलर ने युवाओं से ईव्हीकल को अपनाने एवं सायकल व पैदल चलकर प्रधानमंत्री की अपील को सफल बनाने का भी आहवान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे यह भी कहा कि जिलाध्यक्ष का पद तो किसी एक को मिलेगा, लेकिन युवा मोर्चा में सभी की दावेदारी और भागीदारी का सम्मान बनाकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का भी वे जरुर प्रयास करेंगे।


॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।




वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# राष्ट्रीय डेंगु दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित, डेंगु नियंत्रण को लेकर दिलाई गई शपथ




जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय डेंगु दिवस 16 मई 2026 के अवसर पर जिला मुख्यालय में डेंगु नियंत्रण, रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा के नेतृत्व में किया गया,***

जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, एमआई, एमटीएस, लैब टेक्नीशियन तथा जिला मुख्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डेंगु एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए शपथ ग्रहण कराया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में जनजागरूकता फैलाने तथा डेंगु नियंत्रण संबंधी गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को डेंगु, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सतत निगरानी, स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश प्राप्त हुए। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीषा जुनेजा ने जिले के समस्त एमआई एवं एमटीएस की बैठक लेकर डेंगु एवं मलेरिया नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि संभावित प्रभावित क्षेत्रों में नियमित सर्वे, लार्वा जांच, फॉगिंग एवं जागरूकता अभियान संचालित किए जाएं, ताकि बीमारी के प्रसार को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें, साफ-सफाई बनाए रखें तथा डेंगु के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

# बालाघाट में शिक्षा सुधार की नई पहल, विनोबा ऐप से एफएलएन कार्यक्रम को मिलेगी नई गति..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की गई है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन***

अधिकारी श्री अभिषेक सराफके मार्गदर्शन में ओपनलिंक्स फाउंडेशन द्वारा एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तकनीकी एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इस पहल के अंतर्गत ÷विनोबा ऐप÷ को एक तकनीकी उपकरण के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाया जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह ऐप विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की निगरानी, मूल्यांकन तथा शिक्षकों के कार्य प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को पहचान एवं सम्मान भी प्रदान किया जाएगा। इससे शिक्षकों में कार्य के प्रति उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक प्रेरणा का वातावरण तैयार होगा। इसी क्रम में 14 एवं 15 मई 2026 को जिले के सभी 10 विकासखंडों में ÷विनोबा कार्यक्रम÷ एवं ओएमआर प्रक्रिया पर दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 2,120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 1,869 शिक्षक एवं 107 प्रधानाध्यापक शामिल रहे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का संचालन ओपनलिंक्स फाउंडेशन के 10 फैसिलिटेटर्स द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीपीसी, एपीसी तथा सभी बीआरसी एवं सीआरसी टीमों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से जिले में एफएलएन कार्यक्रम को नई गति मिलेगी तथा प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में पढने, लिखने और गणना संबंधी क्षमताओं में अपेक्षित सुधार देखने को मिलेगा।

# गुड शेफर्ड संस्था द्वारा बाल सभा का आयोजन



जगप्रेरणा बिरसा।

***गुड शेफर्ड संस्था सीएससी प्रोजेक्ट द्वारा 10 गांव में बाल सभा की शुरूआत किया गया संस्था द्वारा दरबारी टोला, नाका, सलघट, गरटोला, पंडरी पथरा, शेरपार, स्कूल टोला दोषी ओला देवगांव मैं***

यह कार्यक्रम चलाया जाता है जिसका वार्षिक उत्सव दिनांक 12 5 26 को मोन्टफोर्ट स्कूल प्रांगण में मनाया गया इस अवसर पर वन स्टॉप संध्या चौधरी के द्वारा बाल मजदूरी बाल विवाह साइबर क्राइम इंस्टाग्राम पर विस्तृत जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि अनजान लोगों में अपना नंबर या फोटो ना दे कार्यक्रम में मौजूद युवतियों से साझा किया कि उम्र के इस दायरे में काफी सावधानी बरते अनजान नंबरों एवं लिंक से सावधान रहें इस बारे में उन्होंने विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इसके बाद बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर 300 बालक बालिकाएं उपस्थित रहे

किस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन स्टाफबालाघाट से संध्या चौधरी मोंटफोर्ट प्राचार्य ब्रदर डेविड ब्रदर एंटोनी रेवा सिंह मरकाम मानक तेकाम राधिका तेकाम अध्यक्ष मालती संयम एवं संस्था प्रमुख सिस्टर रिचल की गरिमामय उपस्थिति रही।

# सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार हेतु 01 जून तक आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (स्रूश्च) अंतर्गत संचालित 'आत्मा' योजना के तहत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए जिले के प्रगतिशील कृषकों से सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।***

यह पुरस्कार उन कृषकों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि आवेदन पत्र आत्मा परियोजना के जिला कार्यालय में उपलब्ध हैं। कृषक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, रेशम एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित श्रेणियों में आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि विकासखंड स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार के लिए 10 हजार रुपये तथा जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि निर्धारित की गई है। इच्छुक कृषकों को आवेदन प्रारूप पूर्ण रूप से भरकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यालय में जमा करना होगा। प्रविष्टि हेतु कृषक अपने विकासखंड के विकासखंड अथवा सहायक तकनीकी प्रबंधक ÷आत्मा÷ से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

विभाग द्वारा पात्र कृषकों से 01 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि विभाग ने जिले के प्रगतिशील किसानों से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# अवैध रूप से भंडारित 350 ट्रॉली रेत पर प्रशासन की संयुक्त छापामार कार्रवाई..

## ग्राम खैरी में लावारिश हालत में मिला रेत का बड़ा भंडारण, सरपंच को देखरेख के निर्देश




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।***

इसी क्रम में आज दिनांक 16 मई 2026 को नायब तहसीलदार एवं खनि निरीक्षक, जिला बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करते हुए तहसील बालाघाट अंतर्गत ग्राम खैरी में अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत के बड़े भंडारण का मामला सामने आया।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि संयुक्त जांच दल द्वारा मौके पर निरीक्षण करने पर लगभग 350 ट्रॉली खनिज रेत लावारिश हालत में पाई गई। टीम ने तत्काल मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। पूछताछ के दौरान ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच द्वारा बताया गया कि उक्त खनिज रेत पूर्व से ही जप्त की गई थी तथा वर्तमान में उनकी सुपुर्दगी में रखी गई है।

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच को निर्देशित किया गया कि सुपुर्दगी में रखी गई उक्त जप्त खनिज रेत की आगामी आदेश तक सुरक्षित देखरेख सुनिश्चित की जाए तथा बिना अनुमति किसी प्रकार का परिवहन अथवा उपयोग न होने दिया जाए। खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी लगातार सघन अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# वारासिवनी के ग्राम मेंढकी में तिल फसल का कृषि विभाग ने किया निरीक्षण..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने एवं मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) आधारित कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण एवं मार्गदर्शन का कार्य किया जा रहा है।***

इसी क्रम में शुक्रवार 16 मई को वारासिवनी तहसील की ग्राम पंचायत मेंढकी में कृषक नरेंद्र बिसेन के खेत का कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसान द्वारा वैल्यू चेन कार्यक्रम अंतर्गत बोई गई तिल फसल की स्थिति का अवलोकन किया। कृषक नरेंद्र बिसेन ने अपने एक एकड़ खेत में तिल की खेती की है, जिसमें वर्तमान समय में फलियां आना प्रारंभ हो गई हैं। अधिकारियों ने फसल की बढ़वार एवं गुणवत्ता को संतोषजनक बताते हुए किसान को आवश्यक तकनीकी सलाह भी प्रदान की।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वैल्यू चेन कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को ऐसी फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनसे बेहतर आय प्राप्त हो सके। तिल एक महत्वपूर्ण तिलहनी फसल है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग रहती है और कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खेत में फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण एवं सिंचाई व्यवस्था की जानकारी लेते हुए किसान को समय-समय पर वैज्ञानिक सलाह का पालन करने को कहा। साथ ही अन्य किसानों को भी उन्नत तकनीकों को अपनाकर तिल एवं अन्य लाभकारी फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया।

कृषि विभाग ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर अधिक उत्पादन एवं बेहतर लाभ प्राप्त कर सकें।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम खाद्य पदार्थों की जांच के लिये कटंगी पहुंची..

## कटंगी के गंज चौक चौपाटी में लस्सी-शेक समेत 7 नमूने जांच के लिए भेजे..






जगप्रेरणा कटंगी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बालाघाट की टीम ने शनिवार को कटंगी के गंज चौक स्थित चौपाटी क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। ग्रीष्मकालीन खाद्य एवं पेय पदार्थों की जांच के दौरान विभागीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए लस्सी, बादाम शेक, काजू शेक तथा पानीपुरी के पानी सहित कुल 7 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। इन नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।

कार्रवाई के दौरान टीम ने महावीर आइसक्रीम, भैरवनाथ आइसक्रीम एवं कुल्फी, जैन चाट भंडार तथा इंडियन चाट भंडार सहित अन्य दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन भी परखा गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में ठंडे खाद्य एवं पेय पदार्थों का उपयोग बढ़ जाता है। ऐसे में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए विभाग द्वारा जिले की विभिन्न तहसीलों में लगातार निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने खाद्य कारोबारियों से स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों का पालन करने की अपील भी की है।












दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


## 20 मई को कटंगी नगर एवं तहसील के सभी मेडिकल स्टोर रहेंगे बंद

# ऑनलाइन दवा बिक्री, कॉर्पोरेट दबाव और नकली दवाओं के विरोध में केमिस्टों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन..

### मेडिकल संचालकों ने मरीजों से पहले ही आवश्यक दवाइयां खरीदने की अपील की



जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (ढ्ढ्रष्टष्ठ) एवं मध्यप्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर 20 मई 2026, बुधवार को कटंगी नगर सहित पूरे जिले के***

मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। दवा व्यापारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे। इस बंद के दौरान नगर के अधिकांश मेडिकल प्रतिष्ठानों के शटर पूरे दिन बंद रहेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

मेडिकल व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान समय में ऑनलाइन दवा बिक्री लगातार बढ़ रही है, जिससे छोटे और मध्यम स्तर के मेडिकल संचालकों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां भारी छूट देकर बाजार पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं, जिसके कारण वर्षों से दवा व्यवसाय से जुड़े छोटे व्यापारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में स्थानीय मेडिकल स्टोर पूरी तरह खत्म होने की कगार पर पहुंच सकते हैं।

केमिस्ट एसोसिएशन ने अपनी प्रमुख मांगों में ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा किए जा रहे शोषणकारी मूल्य निर्धारण को बंद करने तथा नकली और अवैध दवाओं के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी है।

संगठन का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिना उचित निगरानी के दवाओं की बिक्री मरीजों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है। कई बार बिना डॉक्टर की सलाह के दवाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे गंभीर दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

व्यापारियों ने बताया कि यह आंदोलन किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के केमिस्ट और ड्रगिस्ट इस हड़ताल में भाग लेंगे। कटंगी नगर एवम तहसील के मेडिकल संचालकों ने भी एकजुटता दिखाते हुए आंदोलन को समर्थन देने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि यह लड़ाई केवल व्यापार बचाने की नहीं, बल्कि दवा व्यवस्था को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने की भी है।

नगर के मेडिकल संचालकों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे 20 मई से पहले अपनी आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था कर लें, ताकि बंद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से नियमित दवाएं लेने वाले मरीजों, बुजुर्गों एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को पहले से दवाएं खरीदने की सलाह दी गई है।

मेडिकल व्यापारियों ने कहा कि ÷एकता ही हमारी ताकत है÷ और अपने अधिकारों एवं भविष्य की सुरक्षा के लिए यह आंदोलन आवश्यक हो गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी और दवा व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान निकाला जाएगा।

### बोले अध्यक्ष केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सुरेश सोनी..

'ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफकेमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स **(AIOCD)** एवं मध्यप्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर 20 मई 2026, बुधवार को कटंगी नगर सहित पूरे जिले के मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे।'

# कटंगी में कृषि अधिकारियों की बैठक आयोजित, किसानों को समय पर बीज-उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश..





जगप्रेरणा कटंगी।

***उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने शुक्रवार 16 मई को कटंगी में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं विकासखंड के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कृषि गतिविधियों की समीक्षा की।***

बैठक में खरीफ सीजन की तैयारियों, किसानों को आवश्यक कृषि संसाधन उपलब्ध कराने तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी उपस्थिति नियमित रूप से सार्थक एप्प के माध्यम से दर्ज करें तथा फील्ड स्तर पर सक्रिय रहकर किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के लिए डिजिटल उपस्थिति व्यवस्था का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

उन्होंने खरीफफसल सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अग्रिम तैयारी की जाए।

बैठक में पराली प्रबंधन को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। श्री मालवीय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति जागरूक करें तथा वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

उप संचालक कृषि ने अधिकारियों से कहा कि जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर प्राकृतिक खेती के लाभों से अवगत कराया जाए।

बैठक में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित करें और शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।






# क्षेत्र की महत्तवपूर्ण समस्या रेत की दिक्कत को जिलाधीश के समक्ष उठाकर संदीप मिश्रा ने समाधान की जतायी उम्मीद..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद वारासिवनी के पार्षद सभापति संदीप मिश्रा ने आज क्षेत्र की सबसे महत्तवपूर्ण समस्या रेत की दिक्कत को उठाकर जिलाधीश से चर्चा कर समाधान की उम्मीद जतायी है।***

नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ती जारी कर बताया की आज 16 मई 2026 को जिला कलेक्टर बालाघाट से मोबाईल पर चर्चा कर करोडो रूपये के शासकीय व नगर पालिका परिषद के बडे विकास कार्यो मे रेत की दिक्कत जा रही है।

श्री मिश्रा के अनुसार वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में वर्तमान समय मे प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो एवं विकास संबंधित निर्माण कार्य भवन निर्माण कार्य आदि जारी है। चूंकि 15 जुन तक मानसुन आ जाने की प्रबल संभावना है। ऐसी स्थिति में भवन निर्माण कार्य के साथ-साथ बहुत सारे विकास के कार्य भी एवं अनेक विकास कार्य रेत की विकराल समस्या होने के कारण प्रारंभ नही हो पा रहे है।

रेत की भीषण समस्या से आमजन एवं ठेकेदार जुझ रहे है। यदि कोई भी अपनी सुविधानुसार रेत प्राप्त कर लेता है , तो पुलिस प्रशासन, खनिज शाखा के माध्यम से रेत के अवैध उत्खन्न के नाम पर प्रकरण बना दिया जाता है।

विभिन्न विकास से संबंधित निर्माण कार्य पूर्णतः ढप्प पडे हुये है। ऐसी परिस्थिति से अवगत कराकर अविलम्ब समस्या का निराकरण किये जाने की अपेक्षा व्यक्त की है। साथ ही आम जनता को प्रशासन अपने सुविधानुसार आवश्यकता के अनुरूप रेत उपलब्ध कराने मांग की है। गौरतलब है की रेत के टेंडर आज तक नही हो पाने के कारण घाटो से रेत निकासी पर पूर्णत प्रतिंबध लगा हुआ है। जिसके कारण रेत नही मिलने से करोडो रूपये के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है।

# कटंगी में कलेक्टर मृणाल मीना ने खंडस्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिये कड़े निर्देश..

### योजनाओं में लापरवाही पर अधिकारियों को दी चेतावनी..

### आशा कार्यकर्ता, पटवारी सहित विभागीय अधिकारियों को भी हड़काया..





जगप्रेरणा कटंगी।

***कलेक्टर मृणाल मीना ने शनिवार 16 मई को कटंगी में सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।***

बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, श्री डी पी बर्मन भी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम कटंगी को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अनुभाग स्तर पर सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि एसडीएम केवल राजस्व विभाग तक सीमित न रहें, बल्कि सभी विभागों की योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग करें।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सर्व शिक्षा अभियान एवं जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 1 से 8 तथा 9 से 12 तक शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीयन शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कक्षा 6 एवं 9 के विद्यार्थियों को साइकिल तथा सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का त्वरित वितरण कर पोर्टल पर उसकी प्रविष्टि करने को कहा गया। कमजोर शैक्षणिक स्तर वाली शालाओं में 30 मई को एफएलएन मेला आयोजित करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने बच्चों की बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा में पशुओं के एफएमडी टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं कामधेनु योजना में कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित एव्हीएफओ को नोटिस जारी करने तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

श्रम विभाग की संबल योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि श्रमिकों के पंजीयन, अंत्येष्टि सहायता एवं अनुग्रह राशि के प्रकरणों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। पंचायत सचिव अथवा पटवारी के प्रमाण-पत्र के अभाव में प्रकरण लंबित न रखने के निर्देश दिए गए।

साथ ही प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप से दर्ज कराने एवं उसी आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए गए। सेलवा, बोपली, सिंगोड़ी, अगासी एवं सांवरी की एएनएम को गर्भवती माताओं के एएनसी पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। प्रगति नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए केवल शासकीय अस्पतालों में ही भर्ती कराया जाए। निजी अस्पताल में भर्ती कराने पर संबंधित आशा कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में एसएएम एवं एमएएम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, पंजीयन तथा पोषण ट्रैकर एप पर खाद्यान्न वितरण की एंट्री में कम प्रगति पाए जाने पर कोसुंबा एवं महकेपार की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सीएचओ संयुक्त रूप से सप्ताह में कम से कम एक बार गांव का भ्रमण अवश्य करें।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री एवं नामांतरण प्रकरणों में कुछ पटवारियों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 दिनों में सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

मनरेगा कार्यों की समीक्षा में आंजनबिहरी, बड़पानी, बिसापुर एवं कलगांव में लेबर बजट का उपयोग नहीं करने तथा जॉब कार्ड धारकों को कार्य उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित रोजगार सहायकों को कड़ी चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि कार्यों में सुधार नहीं होने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। मनरेगा के उपयंत्रियों को पूर्ण हो चुके कार्यों के सीसी शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत सचिवों को अटल पेंशन योजना, संबल योजना, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए प्रकरण तैयार करने को कहा गया। बैठक में कटंगी एवं तिरोड़ी तहसील के गांवों में पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि को पराली प्रबंधन, सार्थक एप से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराने तथा जे-फार्म एप पर किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कटंगी एसडीएम श्री के सी ठाकुर, सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं खंड स्तरीय अधिकारी, कटंगी एवं तिरोड़ी के तहसीलदार उपस्थित थे।

# कटंगी में अमृत-2.0 योजना के तहत विकसित बावन नाला तालाब का कलेक्टर मीना ने किया निरीक्षण..



जगप्रेरणा कटंगी।

कलेक्टर मृणाल मीना ने शुक्रवार 16 मई को कटंगी प्रवास के दौरान नगर के वार्ड क्रमांक-02 स्थित बावन नाला तालाब का निरीक्षण किया। अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे तालाब एवं उसके सौन्दर्यीकरण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति तथा नागरिक सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कटंगी नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने कलेक्टर को बताया कि अमृत-2.0 योजना के तहत तालाब के सौन्दर्यीकरण, परिसर विकास तथा अन्य आवश्यक कार्यों पर अब तक लगभग 40 लाख रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है। तालाब क्षेत्र को आकर्षक एवं उपयोगी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री मीना ने तालाब परिसर का भ्रमण कर किए गए कार्यों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए शेष कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमृत-2.0 योजना के तहत विकसित किए जा रहे सार्वजनिक स्थलों का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है, इसलिए कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान तालाब क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था, हरियाली एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि तालाब परिसर को ऐसा विकसित किया जाए जिससे यह स्थानीय नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के छात्र ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस साइंस प्रतियोगिता में हासिल की ऑल इंडिया रैंक-1



जगप्रेरणा वारासिवनी।

वारासिवनी स्थित सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के प्रतिभाशाली छात्र मयंक मात्रे ने **INTERNATIONAL SPACE SCIENCE COMPETITION (ISSC) 2026** में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं गणित संकाय (अंग्रेजी माध्यम) के छात्र मयंक मात्रे ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर ÷ग्रैंड विनर÷ का खिताब अपने नाम किया।

मयंक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ उनका चयन **FREE NASA EDUCATIONAL TOUR (USA)** के लिए भी हुआ है। यह शैक्षणिक भ्रमण संभावित रूप से सितंबर 2026 में आयोजित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता **Go4Guru** द्वारा आयोजित एक वैश्विक स्पेस साइंस प्रतियोगिता है, जिसमें देशभर के स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना एवं वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना है।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार छात्र मयंक मात्रे ने यह सफलता संस्था के शिक्षक प्रवीण राणा के मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों से प्राप्त की है। श्री राणा, जो जीवविज्ञान विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक हैं, ने छात्र को प्रतियोगिता की तैयारी में विशेष सहयोग प्रदान किया।

मयंक की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मयंक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# सारी गर्मी बीते जा रही पर समस्याओं की फिक्र नहीं, चौंदातोला जूनेवानी मार्ग जर्जर, जिम्मेदार बेफिक्र..



जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम पंचायत टेमनी के चौंदाटोला से जूनेवानी तक जाने वाली सड़क का जर्जर हाल अब ग्रामीणों के लिए आफत बन गया है। खस्ताहाल सड़क पर रोजाना स्कूली बच्चे,***

आम नागरिक और गर्भवती महिलाएं जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। बरसात में तो स्थिति और भयावह हो जाती है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा अब चरम पर पहुंच गया है। सैकड़ों ग्रामीणों ने 16 मई को लांजी मुख्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम संजय बारस्कर तहसीलदार लांजी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सड़क निर्माण की मांग की है।

ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर 7 दिनों के अंदर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे भव्य अनशन पर बैठेंगे और बड़ा आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग पंचायत मुख्यालय सहित आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है। फिर भी सालों से इसकी अनदेखी हो रही है। जर्जर सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।

खासकर स्कूली बच्चों और गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। ज्ञापन सौंपने वालों में महेश मात्रे, गेंदलाल पंचाले, भक्तकुमार कावरे, ईश्वर नागफांसे, अमरदास कावरे, अरुण गेडाम, तिजलाल बाहें, श्यामलाल बाहें, मुरारीलाल कुम्भरे, संदीप पंद्रे, मोहन नागफांसे, जितेंद्र कावरे, दुर्गेश मात्रे, नेतलाल पांचें, खेमलाल मात्रे, गणपत मात्रे, गजेंद्र खरे, फूलचंद कावरे सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे और जनपद सदस्य दिनेश लाड़े भी ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए शीघ्र सड़क निर्माण कराने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा, 'अब इंतजार नहीं करेंगे। सड़क बनेगी या फिर आंदोलन होगा।'

# रेत से भरे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को मारी ठोस, युवक की मौत, पत्नी व बच्चे घायल..





जगप्रेरणा लांजी।

***अवैध रेत परिवहन का खूनी खेल एक और परिवार को जिंदगीभर का दर्द दे गया। ग्राम मोहारा के भुआ रोड पर 15 मई शुक्रवार की देर रात लगभग 10:30 बजे हुए दर्दनाक सड़क***

हादसे में भानेगांव निवासी 38 वर्षीय दुर्गाप्रसाद पिता कन्हैयालाल ठाकरे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक के सिर में जबरदस्त चोट लगने से उसका भेजा बाहर निकलकर सड़क पर बिखर गया। इस हृदयविदारक दृश्य को जिसने भी देखा उसकी रूह कांप उठी। बताया जा रहा है कि दुर्गाप्रसाद अपनी पत्नी पुस्तकला ठाकरे उम्र 34 वर्ष, पुत्र उज्जवल उम्र 12 वर्ष, पुत्री शिवानी उम्र 14 वर्ष एवं साक्षी ठाकरे के साथ भुआ से रिश्तेदारी की शादी में शामिल होकर मोटर साइकिल से वापस अपने गांव भानेगांव लौट रहा था।

इसी दौरान मोहारा गांव के भुआ रोड पर कथित रूप से रेत से भरे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित फरार हो गया। दुर्गाप्रसाद आंध्रप्रदेश में अपने रिश्तेदारों के साथ रहकर मिस्त्री का काम करता था। वह लगभग पंद्रह दिन पहले ही गांव आया था ताकि रिश्तेदारी की शादी में शामिल हो सके, मगर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। एक पल में बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया और पत्नी की मांग का सिंदूर उजड़ गया। हादसे में पत्नी पुस्तकला ठाकरे का हाथ टूट गया, जिसे बेहतर इलाज के भानेगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बालाघाट रिफर किया गया है, जबकि तीनों बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद मासूम बेटे उज्जवल ने फोन पर अपने मामा अखिल को हादसे की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन घटनास्थल पहुंचे। सूचना मिलते ही 112 डायल और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों और मृतक को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। अस्पताल में शव को मर्चुरी में रखा गया है। देर रात पुलिस अमला भी अस्पताल पहुंचा और मामले की जानकारी जुटाई।

मृतक का ससुराल नंदोरा घोटी में बताया जा रहा है। परिवार में दो भाई और एक बहन हैं, जिनमें दुर्गाप्रसाद सबसे बड़ा था। उसकी मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद भानेगांव सहित आसपास के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में रातभर अवैध रूप से रेत से भरे ट्रैक्टर बेखौफ दौड़ते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदकर बैठे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई केवल चालान काटने तक सीमित है, जिसके कारण रेत माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। लोगों का कहना था कि क्या प्रशासन फिर केवल औपचारिक कार्यवाही कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देगा या इन अवैध रेत परिवहन करने वालों पर ऐसी कठोर कार्रवाई होगी जिससे भविष्य में किसी और मासूम बच्चे के सिर से पिता का साया न उठे। क्षेत्र में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं और अवैध रेत परिवहन का आतंक अब आम लोगों के लिए जानलेवा बनता जा रहा है, मगर जिम्मेदारों की खामोशी लोगों के गुस्से को और बढ़ा रही है। मृतक का पोस्टमार्टम 16 मई की सुबह 9.30 बजे चिकित्सकों के द्वारा करने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद परिजनों द्वारा दोपहर में मृतक दुर्गाप्रसाद का नम आंखों से अंतिम बिदाई दी गई जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण एवं रिश्तेदार मौजूद रहे।


मामले में थाना लांजी में मर्ग क्रमांक 18/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत कायम कर जांच में लिया गया है। मामले की जांच सउनि टीकाराम भोयर द्वारा की जा रही है। वहीं कायमी की कार्रवाई सउनि परमानंद भगत द्वारा की गई। पुलिस अब दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# एन. सी. सी. संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन सम्पन्न..





## सीएटीसी-97 शिविर में अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर दिया गया जोर..



जगप्रेरणा बालाघाट (गोंगलई)।

***16 मई 2026।*** **National Cadet Corps** ***के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-97) के दूसरे दिन विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया।***

शिविर का संचालन कैम्प कमाण्डेन्ट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन आयोजित ओपनिंग एड्रेस में कैम्प कमाण्डेन्ट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कैडेट्स को 'एकता और अनुशासन' के सिद्धांतों का पालन करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करना आवश्यक है। एनसीसी प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा देश के लिए जिम्मेदार और जागरूक नागरिक तैयार करता है। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, उत्तम चरित्र एवं मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हुए शिविर के उद्देश्यों को पूर्ण करने पर जोर दिया।

इसके पश्चात कैडेट्स को ड्रिल अभ्यास कराया गया तथा फायरिंग प्रशिक्षण में शामिल होने वाले कैडेट्स को प्रारंभिक शस्त्र संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही नियमित एनसीसी कक्षाओं का भी संचालन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा एवं पाण्डुरना जिले के कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर में मुख्य एनसीसी अधिकारी ओम एम खोण्ड, द्वितीय एनसीसी अधिकारी कल्पना थोंबरे, संदीप रामटेक्कर, तरसेम सिंह सहित अन्य एनसीसी अधिकारी एवं पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

# पूजा पाठ कर शनि देव का हुआ अभिषेक संध्या में महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ समापन



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के पुराना श्रीराम मंदिर के समीप स्थापित भगवान शनि मंदिर में भक्तो के द्वारा भक्ति भाव के साथ शनि देव जन्मोत्सव मनाया गया। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को शनि जन्मोत्सव का पर्व मनाया जाता है।***

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ मास की अमावस्या का दिन अत्यंत विशेष होता है, क्योंकि इसी दिन भगवान शनि देव का प्राकट्य हुआ था। जिसके तहत मंदिर परिसर में शनि जन्मोत्सव आयोजित किया गया।

प्रातः बेला में भगवान शनिदेव का अभिषेक कर, हवन क्रिया के साथ स्तुति की गई, वही संध्या काल में महाप्रसादी का वितरण किया गया। संध्या में सुमधुर भजनो के साथ जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जागरण का भक्तो के द्वारा भरपूर आनंद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में पूजन अर्चन महंत लक्ष्मीनारायण दास वैष्णव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में भण्डारा महाप्रसादी के साथ शनि देव जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न कराया गया। महंत श्री वैष्णव के ने कहा कि शनि देव नौ ग्रहो में दण्डाधिकारी माने जाते है यह न्याय के देवता है इनकी कृपा सब पर बनी रहे इन्ही आशय के साथ उक्त पूजन अर्चन कार्य संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में रामचरण सेवा समिति एवं शनि मंदिर के अध्यक्ष महंत लक्ष्मीनारायण वैष्णव, उपाध्यक्ष सीताराम रामटेक्कर, शनिदेव सेवा समिति के सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अनियंत्रित मोटर साइकिल पोल से टकराई, घटनास्थल पर हुई युवक की मौत..





जगप्रेरणा लांजी।

***थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी देवरबेली इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना ग्राम देवरबेली मेन रोड स्थित सुक्कल मरावी के घर के सामने की बताई जा रही है, जहां युवक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई।***

हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बुधारी मरावी पिता स्वर्गीय सुक्कल मरावी उम्र 25 वर्ष निवासी बरगुड़ सतोना चौकी देवरबेली थाना लांजी 15 मई को बेलगांव बाजार गया हुआ था। मृतक की पत्नी मंगली बाई मरावी ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से बेलगांव बाजार गई थी। दोपहर करीब 1 बजे उसका पति उसे बाजार में छोड़कर नागपुर जाने की बात कहकर मोटरसाइकिल से निकल गया। इसके बाद मंगली बाई अपनी मां के घर ग्राम मुरूम खोदना चली गई। बताया गया कि 16 मई की सुबह करीब 7 बजे उसे सूचना मिली कि उसके पति का ग्राम देवरबेली में एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलने पर वह अपने भाई सगन के साथ मौके पर पहुंची, जहां उसने देखा कि मोटरसाइकिल बिजली के पोल के पास क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी हुई थी तथा उसके पति बुधारी मरावी की मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार घटना 15 मई की रात करीब 9 बजे से 16 मई की सुबह 7 बजे के बीच की बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोटरसाइकिल बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे युवक को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। मामले में चौकी देवरबेली में धारा 194 बीएनएसएस के तहत देहाती मर्ग दर्ज किया गया, जिसे बाद में थाना लांजी में मर्ग क्रमांक 19/26 कायम किया गया।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

# परीक्षा पेपर लीक,मूल्यांकन अनियमितताएं परीक्षा माफ़ियाओं का बढ़ता नेटवर्क डंक –सीबीएसई की पारदर्शिता– 10वीं 12वीं, उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की सुविधाएं–19 मई से 22 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन –समग्र व्यापक विश्लेषण..

वैश्विक स्तरपर वर्तमान डिजिटल आधुनिक और प्रौद्योगिकी आधारित युग में शिक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है।कृत्रिम बुद्धिमत्ता,ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली,डिजिटल मूल्यांकन क्लाउड डेटा स्टोरेज और इंटरनेट आधारित प्रशासनिक तंत्र ने शिक्षा क्षेत्र को अत्यधिक तेज,सुविधाजनक और वैश्विक बना दिया है। आज एक छात्र मोबाइल फोन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकता है, ऑनलाइन परीक्षा दे सकता है, डिजिटल मार्कशीट प्राप्त कर सकता है और पुनर्मूल्यांकन तक की प्रक्रिया घर बैठे पूरी कर सकता है। लेकिन दूसरी ओर यही तकनीकी युग शिक्षा प्रणाली के सामने एक गंभीर संकट भी खड़ा कर रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानींगोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि परीक्षा पेपर लीक, मूल्यांकन अनियमितताएं, साइबर धोखाधड़ी, डेटा चोरी और परीक्षा माफ़ियाओं का बढ़ता नेटवर्क अब शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को चुनौती देने लगा है।सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अनेक नियम, कानून, डिजिटल सुरक्षा प्रणाली और निगरानी तंत्र होने के बावजूद पेपर लीक की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। यह स्थिति केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के अनेक देशों में परीक्षा सुरक्षा और मूल्यांकन पारदर्शिता एक गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है।ऐसे संवेदनशील माहौल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों के बाद पुनर्मूल्यांकन और रीचेकिंग की विस्तृत प्रक्रिया घोषित करना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शनिवार, 16 मई 2026 को बोर्ड ने स्पष्ट किया कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और छात्र हितैषी बनाने के लिए तीन चरणों वाली ऑनलाइन प्रणाली लागू की जाएगी।इसमें सत्यापन उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी और पुनर्मूल्यांकन की सुविधाएं दी जाएंगी। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में छात्रों और अभिभावकों द्वारा मूल्यांकन त्रुटियों, गलत टोटलिंग, अनदेखे प्रश्नों और कम अंक दिए जाने को लेकर अनेक शिकायतें सामने आती रही हैं। डिजिटल युग में केवल परीक्षा लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि परीक्षा परिणामों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक हो गया है।

साथियों बात अगर हम सीबीएसई द्वारा घोषित प्रक्रिया के चरणों की करें तो पहला महत्वपूर्ण चरण उत्तर पुस्तिका की स्कैन की गई फोटोकॉपी उपलब्ध कराना है। जिन छात्रों को अपने मूल्यांकन पर संदेह है, वे 19 मई से 22 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करके अपनी उत्तर पुस्तिका की कॉपी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए प्रति विषय 700 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था छात्रों को अपने उत्तरों को स्वयं देखने और मूल्यांकन प्रक्रिया को समझने का अवसर प्रदान करती है। पहले छात्रों को यह पता ही नहीं चल पाता था कि परीक्षक ने उत्तरों की जांच किस प्रकार की है, किन प्रश्नों में अंक कटे हैं और क्या कोई प्रश्न बिना जांचा रह गया है। लेकिन अब उत्तर पुस्तिका की डिजिटल कॉपी उपलब्ध होने से छात्र अपने प्रदर्शन का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण कर सकेंगे। यह कदम शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा सुधार माना जा रहा है।

साथियों दूसरा चरण अंकों के सत्यापन का है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत छात्र यह जांच करवा सकते हैं कि उत्तर पुस्तिका के कुल अंक सही तरीके से जोड़े गए हैं या नहीं तथा कहीं कोई प्रश्न बिना जांचे तो नहीं रह गया। इसके लिए आवेदन की तिथियां 26 मई से 29 मई 2026 निर्धारित की गई हैं और शुल्क 500 रुपये प्रति विषय रखा गया है।यह प्रक्रिया इसलिए अत्यंतआवश्यक है क्योंकि कई बार मानवीय त्रुटियों के कारण अंक जोड़ने में गलती हो जाती है। भारत जैसे विशाल परीक्षा तंत्र में जहां लाखों उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होता है, वहां छोटी-छोटी त्रुटियां भी छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर सकती हैं। एक अंक कम या अधिक होने से कॉलेज प्रवेश, मेरिट सूची, छात्रवृत्ति और प्रतियोगी परीक्षाओं की पात्रता तक प्रभावित हो सकती है। इसलिए अंक सत्यापन की सुविधा छात्रों के अधिकार और न्यायपूर्ण मूल्यांकन का सटीक रूप से महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

साथियों तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण पुनर्मूल्यांकन यानी री-इवैल्यूएशन का है। यदि किसी छात्र को लगता है कि उसके उत्तरों का उचित मूल्यांकन नहीं हुआ है या अंक अपेक्षा से कम दिए गए हैं, तो वह प्रश्नवार पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए भी आवेदन अवधि 26 मई से 29 मई 2026 तक रखी गई है और प्रति प्रश्न 100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था छात्रों को एक प्रकार का अकादमिक न्याय प्रदान करती है। कई बार परीक्षक की व्यक्तिगत व्याख्या, समय का दबाव या मानवीय चूक छात्रों के अंकों को प्रभावित कर सकती है। पुनर्मूल्यांकन प्रणाली ऐसे मामलों में सुधार का अवसर देती है। हालांकि सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि पुनर्मूल्यांकन के बाद अंक बढ़ भी सकते हैं, घट भी सकते हैं और यथावत भी रह सकते हैं। जांच के बाद जो अंक निर्धारित होंगे, वही अंतिम माने जाएंगे। यह नियम छात्रों को सावधानीपूर्वक निर्णय लेने के लिए सटीक रूप से प्रेरित करता है।

साथियों सीबीएसई द्वारा सभी प्रक्रियाओं को पूर्णतः ऑनलाइन करना भी डिजिटल शिक्षा प्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल आधिकारिक वेबसाइट और परिणाम पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगेऑफलाइन आवेदन या स्कूलों के माध्यम से भेजे गए प्रपत्र अमान्य माने जाएंगे। इससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी बल्कि भ्रष्टाचार और मध्यस्थता की संभावना भी कम होगी। डिजिटल प्रणाली छात्रों को घर बैठे आवेदन करने की सुविधा देती है और रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने में भी मदद करती है। हालांकि इसके साथ साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता की चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। यदि शिक्षा प्रणाली को पूर्णतः डिजिटल बनाना है तो मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे की भी आवश्यकता होगी ताकि छात्रों की जानकारी और परीक्षा डेटा सुरक्षित रह सके।सीबीएसई ने यह भी घोषणा की है कि जो छात्र अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं या कंपार्टमेंट श्रेणी में हैं, उनके लिए सप्लीमेंट्री परीक्षा 15 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए ÷लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स÷ भरने की प्रक्रिया 2 जून 2026 से शुरू होगी। यह व्यवस्था उन छात्रों के लिए राहत का माध्यम है जो किसी कारणवश अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। आधुनिक शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल असफल घोषित करना नहीं, बल्कि छात्रों को सुधार और पुनः अवसर प्रदान करना भी होना चाहिए। यही कारण है कि दुनिया की उन्नत शिक्षा प्रणालियां निरंतर मूल्यांकन, वैकल्पिक परीक्षा और सुधारात्मक अवसरों पर जोर दे रही हैं।

साथियों, हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट यूजी पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की गई कार्रवाई ने पूरे देश को झकझोर दिया। सीबीआई ने कथित मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया, जो महाराष्ट्र के लातूर का एक केमिस्ट्री प्रोफेसर बताया जा रहा है। जांच एजेंसी के अनुसार वह नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था और इसी कारण उसे प्रश्न पत्रों तक पहुंच प्राप्त थी। यह मामला केवल एक अपराध की कहानी नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के भीतर मौजूद विश्वास संकट का प्रतीक बन चुका है। जब परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े लोग ही गोपनीयता भंग करने लगें, तब आम छात्रों और अभिभावकों का भरोसा स्वाभाविक रूप से डगमगाने लगता है। भारतीय समाज में सदियों से शिक्षा को ईमानदारी, परिश्रम और नैतिकता का माध्यम माना गया है, लेकिन जब ÷घर का भेदी लंका ढाए÷ जैसी स्थिति सामने आती है तो पूरी व्यवस्था कटघरे में खड़ी दिखाई देती है। यही कारण है कि अब शिक्षा मंत्रालय परीक्षा एजेंसियों और राज्य सरकारों को केवल तकनीकी सुधार नहीं बल्कि कठोर रणनीतिक और नैतिक सुधारों की भी आवश्यकता महसूस हो रही है।

साथियों, दरअसल, पेपर लीक की घटनाएं केवल परीक्षा रद्द होने या छात्रों की परेशानी तक सीमित नहीं रहतीं। इनके दूरगामी सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव होते हैं। लाखों छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं, परिवार अपनी आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च करते हैं, कोचिंग उद्योग अरबों रुपये का कारोबार करता है और पूरा भविष्य एक परीक्षा पर निर्भर हो जाता है। ऐसे में यदि पेपर लीक हो जाए तो ईमानदार छात्रों का मनोबल टूटता है, समाज में अविश्वास बढ़ता है और योग्यता आधारित व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही कारण है कि आज दुनिया के विकसित देशों में परीक्षा सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के समान महत्व दिया जा रहा है।अमेरिका ब्रिटेन, चीन, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे देशों ने डिजिटल एन्क्रिप्शन, मल्टी लेयर ऑथेंटिकेशन, लाइव मॉनिटरिंग और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी तकनीकों का उपयोग शुरू किया है। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन विशाल जनसंख्या और बहुस्तरीय प्रशासनिक ढांचे के कारण चुनौतियां कहीं अधिक जटिल हैं।

साथियों आज शिक्षा व्यवस्था केवल ज्ञान देने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह राष्ट्रीय विकास, आर्थिक प्रगति और सामाजिक स्थिरता की आधारशिला बन चुकी है। यदि परीक्षा प्रणाली पर से विश्वास समाप्त हो जाए तो पूरी प्रतिभा आधारित व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। इसलिए पेपर लीक और मूल्यांकन अनियमितताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। केवल छोटे कर्मचारियों को पकड़ लेने से समस्या का समाधान नहीं होगा। इसके लिए संगठित परीक्षा माफ़ियाओं, तकनीकी अपराधियों और भ्रष्ट नेटवर्क पर व्यापक कार्रवाई करनी होगी। साथ ही परीक्षा प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा मंत्रालय को अब बहुस्तरीय सुरक्षा रणनीति अपनानी चाहिए। प्रश्न पत्र निर्माण से लेकर वितरण और मूल्यांकन तक हर चरण में डिजिटल ट्रैकिंग, एन्क्रिप्शन और निगरानी आवश्यक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम, ब्लॉकचेन तकनीक और सुरक्षित क्लाउड सर्वर जैसे उपाय भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, फेस रिकग्निशन और लाइव निगरानी भी लागू की जा सकती है। लेकिन तकनीक के साथ-साथ नैतिक शिक्षा और प्रशासनिक ईमानदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि व्यवस्था के भीतर मौजूद लोग ही भ्रष्ट हो जाएं तो सबसे उन्नत तकनीक भी विफल हो सकती है।इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वास सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। सीबीएसई द्वारा पुनर्मूल्यांकन और रीचेकिंग की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करना निश्चित रूप से सकारात्मक पहल है, क्योंकि इससे छात्रों को अपनी उत्तर पुस्तिकाओं और अंकों की जांच का अधिकार मिलता है। यह छात्र केंद्रित और पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन दूसरी ओर पेपर लीक जैसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि अभी भी व्यवस्था में गहरे सुधारों की आवश्यकता है।भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में से एक है। करोड़ों युवाओं का भविष्य शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करता है। यदि परीक्षा प्रणाली निष्पक्ष, सुरक्षित और विश्वसनीय होगी तो देश की प्रतिभा को सही दिशा मिलेगी। लेकिन यदि पेपर लीक, अनियमितता और भ्रष्टाचार का सिलसिला जारी रहा तो यह केवल छात्रों के सपनों को ही नहीं बल्कि राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करेगा। इसलिए समय की मांग है कि शिक्षा प्रणाली को केवल तकनीकी रूप से नहीं बल्कि नैतिक और संस्थागत रूप से भी मजबूत बनाया जाए। शिक्षा मंत्रालय, परीक्षा एजेंसियों, स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज सभी को मिलकर ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जहां मेहनत और योग्यता ही सफलता का आधार बने।


अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, कहा जा सकता है कि वर्तमान डिजिटल युग शिक्षा के लिए अवसर और चुनौती दोनों लेकर आया है। एक ओर तकनीक पारदर्शिता, सुविधा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का मार्ग खोल रही है, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराध पेपर लीक और मूल्यांकन अनियमितताओं जैसी समस्याएं नई चिंताएं पैदा कर रही हैं। सीबीएसई की नई पुनर्मूल्यांकन व्यवस्था इस दिशा में सकारात्मक प्रयास अवश्य है, लेकिन यह तभी सफल होगी जब पूरी परीक्षा प्रणाली में ईमानदारी, पारदर्शिता और कठोर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिक्षा केवल परीक्षा का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की आत्मा है, और इस आत्मा की रक्षा करना आज पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बन चुका है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 168



ck;s I nk;s :– 1) साहस का काम करना इस अर्थ का मुहावरा 8) जड़ से उखड़ना, नष्ट हो जाना, खो जाना 11) विलक्षण बात, आफत, आपत्ति 14) एक शब्दालंकार जिसमें किसी कविता में एकही शब्द भिन्न भिन्न अर्थों में कई बार प्रयोग किया जाता है 15) स्वर्ग की एक परम सुंदरी अप्सरा जिसको ब्रह्माने ब्रह्माण्ड के सब उत्तम पदार्थों से थोड़ा थोड़ा अंश लेकर बनाया था 16) गोपियों की एक क्रीड़ा 18) स्मृति, स्मरण 19) एक प्रकार का कड़ा कपड़ा तो शर्ट के कालर या आस्तीन में कड़ाई लाने के लिये डाला जाता है 22) प्राचीन विदर्भ नगर के एक ब्राह्मण जो बौद्ध धर्म के प्रचारक थे 23) पक्का, दृढ 25) नागों का अधिपति, वासुकि आदि 28) न्यायालय 29) शरीर, काया 30) भय आदि से उत्पन्न कंपकंपी 31) खिदमत, नौकरी, आराधना 32) नौकर, सेवक 33) शहर का प्रवेशद्वार, चौक 34) व्यंग, चुटीली बात 35) ब्रह्मज्ञान, आत्मज्ञान, यथार्थ रुप से प्रकृति और प्ररुष के भेद का ज्ञान 38) जल के पास की भूमि, नदी या तालाब के सामने का मैदान 39) लोकोक्ति, कथित विषय 42) घूमना, फिरना 43) मिथ्या व्यवहार, धोखा 46) वह ज्वर जो सात दिन का हो गया हो 49) बिता हुआ दिन 50) इंद्र का अस्त्र 51) अति उदार, क्षणभर में निहाल कर देनेवाला 54) वाणी, जिव्हा 55) जिसके कान लंबे हो 57) प्रभूत्व, शासन, अधिकार 58) स्थिर दृष्टी59) जो जी में आये वैसाही काम करना 61) हरकारा 62) नित्य, निरंतर 63) एक प्रश्नवाचक शब्द 64) दमयन्ती का पति 65) पुरुष 67) जो हर प्रकार से दया का पात्र हो, निरपराध 69) कैदी 71) झगड़ा, विवाद, हुज्जत 72) बड़ी नदी 73) मनौती, किसी विशेष कामना की पूर्ती के लिये किसी देवता की पूजा आदि करने की प्रतिज्ञा 75) निपुण, कुशल, दानशील (उर्दू) 77) बिना नाम का, अप्रसिद्ध 78) दर्शन के अयोग्य, भद्दा 80) रात्री का अंत, प्रभात 81) वह स्थान जहां बाहर से आया हुआ माल रखा जाता है 83) श्रीरामजी के वानर सेना का एक सेनापती 84) देवता अथवा गुरुजन की प्रसन्नता के फलस्वरुप प्राप्त फल 85) बाल बच्चे, संतान 87) अनुरक्त 89) अन्तःकरण 91) स्त्री जाति का प्राणी 92) आकाश 94) घुड़साल 95) क्रुर, नीच, दुर्जन 96) असंभव बात, न होनेवाली बात 97) मृत्यु, मरण 98) अभिमान, घमंड 99) जंगल से लकड़ी तोड़कर बेचनेवाला 100) जंगली, वन में उत्पन्न होनेवाला

Åij I uhps !& 1) अभिमान दिखलाना अर्थवाला एक मुहावरा 2) हिमालय स्थित एक पर्वत की चोटी, जिसपर इस नाम का प्रसिद्ध शिवलिंग है 3) सर्वनाम ' मै ' का बहुवचन रुप 4) पीड़ा या दुख सूचित करनेका शब्द, आह 5) रुकना, बंद होना 6) वह रेल गाड़ी जो डाक ले जाती है 7) लड़की की लकड़ी 8) भारवाहिता, जिम्मेदारी 9) संग्रह 10) उदास, अप्रसन्न 12) अभिनेता अमिताभ बच्चन की पत्नी का नाम 13) अभागा, दुर्दैवी 17) प्रमाण, सत्यता, सच्चाई 20) घड़ियाल 21) गोल घेरा, क्षेत्र 23) चुनाव में अपना वोट किसी उम्मीदवार को देना 24) कन्या, पुत्री 26) प्रभु, स्वामी 27) जोर से खिलखिलाकर हंसना 31) फौज, पलटन 34) पिताजी (संस्कृत) 36) जो स्थिर न हो, अस्थिर 37) विशेषता, अच्छाई 38) ओडिसी प्रान्त का एक प्रसिद्ध नगर, पर्वत का मध्य भाग 40) कृतज्ञता, नेकनीयत, सच्चाई 41) नहरुआ नामक एक रोग 42) महाभारत में दुर्योधन का एक भाई 43) छल या धोखे की बात, फरेब 44) क्षण, पल 45) युवा, तरुण, सिपाही 46) गाना, विशेष प्रकार का गीत 47) जलता हुआ, प्रकाशमान 48) परमेश्वर (उर्दू) 52) जिसमें नमक पड़ा हो, लावण्य युक्त 53) जमानत का कानुनी लेख्यपत्र 54) पुलिसद्वारा पकड़ा जाना 56) कहानी 57) जो सदा सौभाग्यवती रहे 60) मनोज कुमार, राजकुमार और वहिदा रहमान की एक पुरानी हिट फिल्म 61) टेलिव्हिजन का हिन्दी रुप 62) समय, वर्ष, काल 65) पति की बहन 66) काल, अवसर 68) बुद्धि 70) नये घर में प्रवेश करनेपूर्व ग्रहशांति करना 74) जो तपस्या में लीन हो 76) मच्छरों से बचने के लिये लगाया जानेवाला जालीदार परदा 78) अमरवल्ली 79) एक रत्न 80) सर्वदा, हमेशा 82) गौ की रक्षा करनेवाला, ग्वाला 85) नियंत्रण, निग्रह 86) बैठने की वस्तु88) वैधानिक रीति से विवी – संबंध का विच्छेद 90) चोचला, हावभाव, नाज–अदा 91) परिस्थिती, पर्यावरण 92) श्रद्धा, आदर 93) पर्वत, पहाड़, आभूषण 86) भिन्न, दूसरा (जवाब अगले अंक में )

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## सिर्फ पेपर ही नहीं हुआ लिक

देश में सिर्फ पेपर ही नहीं हुआ लिक
पुल,स्कूल,अस्पताल भी नहीं है ठीक।

रोजगार शिक्षा के मुद्दे नहीं चलने वाले
सत्ता चाहिए तो
हिन्दू –मुस्लिम सिख।

अधिकारों के खातिर
लड़ना पड़ता है
हक की सरकार
देती भी नहीं है भीख।

सच लिखेगा पढ़ेगा
तो मंच नहीं मिलेंगे
संजय बड़े कवियों
से कुछ तो बात सिख।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## अजीब सा ये मेरा शहर है..

अजीब सा ये मेरा शहर है,
अपनों की ही लगी नज़र है।

कैसे कोई मुस्कुराए हमें बता,
ग़मों का होता जहाँ कहर है।

एक दूसरे के बन गए दुश्मन,
खुशियां आती नहीं नज़र है।

देता न कोई किसी का साथ,
मुहब्बत भी यहाँ बे-असर है।

तन जिंदा औ आत्मा मर गई,
काँटों से भरी अपनी डगर है।

अनिल कसेर
उजाला








# एशियाई खेलों के आधार पर ओलंपिक क्वालीफायर के लिए मुक्केबाजों का चयन किया जा सकता है: नीवा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने लगातार ट्रायल कराने की मौजूदा व्यवस्था के बजाय प्रदर्शन आधारित चयन प्रणाली का समर्थन करते हुए कहा कि एशियाई खेलों जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शानदार प्रदर्शन करने वाले***




भारतीय मुक्केबाजों को भविष्य में ओलंपिक क्वालीफायर के लिए सीधे प्रवेश का मौका मिल सकता है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने इस वर्ष राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों के चयन में कई मानकों पर आधारित मूल्यांकन प्रणाली लागू करने की कोशिश की थी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को मिली शिकायतों के बाद महासंघ को पारंपरिक ट्रायल प्रणाली पर लौटना पड़ा। तीन दिन तक चले चयन ट्रायल के बाद शुक्रवार को दोनों बहु-खेल आयोजनों के लिए भारतीय टीमों का चयन किया गया।

वहीं, कुछ मुक्केबाजों ने पिछले महीने आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतकर पहले ही अपनी जगह पक्की कर ली थी। नीवा ने 'पीटीआई' से कहा, 'अब हमारे पास अंतरराष्ट्रीय परिणामों के आधार पर चयन करने का अवसर है। चयन ट्रायल में जितना कम समय व्यतीत किया जाए, उतना ही बेहतर है।' अर्जेंटीना में जन्मे स्वीडन के इस कोच ने कहा कि एशियाई चैंपियनशिप में अपनाया गया मॉडल भविष्य के लिए उदाहरण बन सकता है, जहां फाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों को सीधे राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के लिए चुना गया था।

उन्होंने कहा, 'जैसे हमने एशियाई चैंपियनशिप में किया था, फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी स्वतः ही क्वालीफाई कर गए (राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए)। हम एशियाई खेलों और शुरुआती ओलंपिक क्वालीफायर से पहले होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं के लिए भी कुछ ऐसा ही कर सकते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर कोई स्वर्ण या रजत पदक जीतता है, तो वह सीधे विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर सकता है, जो पहला ओलंपिक क्वालीफायर है।'

नीवा ने कहा, 'इस तरह हमें तैयारी के लिए लगभग पांच महीने का समय मिल जाएगा, जिसमें हम बार-बार चयन के कारणों से बंधे रहने की जगह यह चुन सकते हैं कि किन प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेना है।' भारतीय मुक्केबाजी के लिए अगले दो वर्ष बेहद अहम माने जा रहे हैं क्योंकि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए चार क्वालीफाइंग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें 2027 में कजाखस्तान में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप और एशियाई क्वालीफायर शामिल हैं, जबकि 2028 में दो विश्व क्वालीफायर खेले जाएंगे।

नीवा ने कहा कि हर बड़े टूर्नामेंट से पहले चयन ट्रायल कराने से मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा, 'हमें भविष्य में भी कुछ ऐसा ही करने पर विचार करना चाहिए। कल्पना कीजिए कि अगर चार ओलंपिक क्वालीफायर हों और आपको हर एक के बीच में वापस आकर एक और चयन ट्रायल देना पड़े। इस तरह आप अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए कभी भी ठीक से तैयारी नहीं कर पाएंगे।' नीवा 2017 से 2022 तक भारतीय मुक्केबाजी के हाई परफॉर्मेंस निदेशक रह चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह केवल ट्रायल आधारित चयन प्रणाली के समर्थन में नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे हिसाब से टीम चुनने के कई तरीके हैं। हमें सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चाहिए और यह सुनिश्चित करना होगा कि हम सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाजों का ही चयन करें। 2017 में जब मैं आया, तो हमने सबसे पहले चयन परीक्षण प्रक्रिया में बदलाव किया था।'

उन्होंने कहा, 'हर प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल करना मुझे अच्छा तरीका नहीं लगता। यह एक पुराना तरीका है। कभी-कभी यह उपयोगी हो सकता है, लेकिन टीम चुनने के एकमात्र तरीके के रूप में यह काफी नहीं है।' बीएफआई और साइ के बीच प्रशासनिक खींचतान के कारण राष्ट्रीय शिविर में देरी हुई और इसे कुछ समय के लिए स्थगित भी कर दिया गया था। इस विवाद पर नीवा ने माना कि हालात को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। उन्होंने बताया कि उन्होंने और पुरुष टीम के मुख्य कोच सीए कुटप्पा ने दिल्ली जाकर साइ अधिकारियों से मुलाकात की थी और समय की कमी को देखते हुए पारंपरिक ट्रायल प्रणाली अपनाने का सुझाव दिया था। नीवा ने कहा कि अब बीएफआई और साइ को मिलकर ऐसी निष्पक्ष चयन व्यवस्था तैयार करनी होगी, जिससे खिलाड़ी और अधिकारी दोनों संतुष्ट हों।

# मौनी रॉय-सूरज नांबियार के तलाक में घुन की तरह पिसीं दिशा पाटनी, लोग कह रहे 'कबाब में हड्डी', क्या है वजह?

डेस्क जगप्रेरणा।

***मौनी रॉय ने 14 मई, गुरुवार को ही अपने तलाक का आधिकारिक ऐलान किया है। दोनों के रिश्ते में दरार होने की चर्चा तब तेज हुई, जब सोशल मीडिया यूजर्स ने देखा कि मौनी***



और सूरज इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को फॉलो नहीं कर रहे हैं। इसके बाद से लगातार मौनी के तलाक की चर्चा थी, जिस पर एक्ट्रेस ने खुद ही मुहर लगा दी। मौनी और सूरज नांबियार ने एक ज्वॉइंट स्टेटमेंट जारी करते हुए इसका ऐलान किया। वहीं तलाक के बाद मौनी ने फिर इंस्टाग्राम पर सूरज नांबियार को फॉलो करना शुरू कर दिया है। मगर मौनी और सूरज के तलाक के बाद से ही सोशल मीडिया पर दिशा पाटनी भी ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं और लोग उन्हें 'होम ब्रेकर' का टैग दे रहे हैं। ऐसा क्यों, चलिए जानते हैं।

## दिशा पाटनी क्यों हो रही हैं ट्रोल?

मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार के तलाक के बाद दिशा पटानी अचानक ऑनलाइन ट्रोल्स के निशाने पर आ गई हैं। मौनी और सूरज ने स्टेटमेंट जारी करते हुए अपने अलग होने की पुष्टि की, जिसके बाद यूजर्स ने दिशा को ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक्ट्रेस की ट्रोलिंग तब शुरू हुई, जब यूजर्स ने दावा किया कि दिशा ने भी इंस्टाग्राम पर सूरज नांबियार को अनफॉलो कर दिया है।

ये तब हुआ, जब मौनी और सूरजके तलाक के रूमर्स ऑनलाइन तेजी से फैलने लगे। इसी के साथ गॉसिप और रेडिट थ्रेड्स की भी शुरुआत हो गई, कुछ ने बिना किसी सबूत के दिशा को मौनी और सूरज नांबियार के तलाक से जोड़ना शुरू कर दिया और उन्हें निशाने पर लेने लगे।

## दिशा के पीछे पड़े ट्रोल?

दिशा पाटनी के हालिया पोस्ट्स पर यूजर जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक पर कमेंट करते हुए यूजर ने लिखा- 'करा दी ना मौनी और सूरज की लड़ाई।' एक अन्य ने लिखा- 'आपने सूरज को अनफॉलो क्यों किया?' वहीं एक पूछता है- 'मौनी और सूरज के बीच क्या हुआ है?' एक ने लिखा- 'करा दिया ना मौनी का डिवोर्स, आपकी संगत में रह के मौनी रॉय का डिवोर्स हो गया।' वहीं कई ने 'होम ब्रेकर' कहते हुए एक्ट्रेस को निशाने पर लिया।

## बेस्ट फ्रेंड हैं मौनी रॉय और दिशा पाटनी..

बता दें, मौनी रॉय और दिशा पाटनी काफी अच्छी सहेलियां हैं। ये दोनों अभिनेत्रियां अक्सर साथ में वेकेशन के लिए जाती हैं और एक-दूसरे की इंस्टाग्राम पोस्ट में अक्सर नजर आती हैं। यही नहीं अक्सर पार्टियों और कार्यक्रमों में साथ भी दोनों साथ-साथ देखी जाती हैं।

दोनों की इसी दोस्ती के चलते अब सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने दिशा से जुड़े चुटकुले, मीम्स और बेसलेस थ्योरी फैलाना शुरू कर दिया है।

# प्रेमानंद महाराज के दरबार में झूमे कैलाश खेर, सुनाया 'बम लहरी' भजन, भक्तिमय हुआ माहौल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के दरबार में सिर्फ आम भक्तों का ही नहीं, दिग्गजों का भी जमावड़ा लगता रहता है। अनुष्का शर्मा-विराट कोहली से लेकर बी-प्राक तक, प्रेमानंद महाराज के दरबार में अब तक कई सेलिब्रिटी हाजिरी लगा चुके हैं।***

अब इन सेलेब्स की लिस्ट में मशहूर सिंगर कैलाश खेर का नाम भी शामिल हो गया है। कैलाश खेर शुक्रवार को प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी गायकी से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। उन्होंने डांस करते हुए महादेव का भजन गाया और फिर मीरा बाई के भी भजन सुनाए, जिसके बाद संत प्रेमानंद महाराज ने उनकी गायकी और आवाज की प्रशंसा की और उन्हें आशीर्वाद दिया।

## संत प्रेमानंद महाराज के दरबार में कैलाश खेर..

सूफी गायक कैलाश खेर अपने पूरे परिवार के साथ शुक्रवार सुबह संत प्रेमानंद के आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने भजन प्रस्तुत किए। पहले उन्होंने 'बम लहरी' गाया, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया और इसके बाद मीराबाई के भजन 'पांच बरस की मीरा लाडली सखियों में खेलन जाए री' गाया, जिसने पूरे वातावरण में प्रेम रस घोल दिया। भजन गाते हुए कैलाश खेर इस कदर भावुक हो गए कि अपनी जगह पर खड़े-खड़े ही नृत्य करने लगे। भोलेनाथ और फिर मीराबाई के भजन सुनकर संत प्रेमानंद महाराज भी खुश हो गए। इससे एक दिन पहले कैलाश खेर ने बांकेबिहारी के दर्शन किए और पूजा की।



## बताई नामजप की महिमा..

प्रेमानंद महाराज ने कैलाश खेर की आवाज और भजन की तारीफ की और उन्हें आशीर्वाद दिया। इसी के साथ उन्होंने सिंगर को नामजप की महिमा बताई और कहा कि जिस तरह मिश्री शरीर के पित्त को शांत रखने में मदद करती है, वैसे ही निरंतर नामजप से सभी तरह के विकार मिट जाते हैं और जीवन में अमृत घुल जाता है। कैलाश खेर भी शांत भाव से बैठे महाराज जी की बात सुनते दिखे।

## प्रेमानंद महाराज को पहनाई मोर पंखी माला..

प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे कैलाश खेर ने उन्हें एक बहुत ही खूबसूरत उपहार भी दिया। उन्होंने प्रेमानंद महाराज को मोर पंखी माला पहनाते हुए उनका अभिवादन किया। प्रेमानंद महाराज और कैलाश खेर की मुलाकात और भजन संध्या के वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिन्हें देखने के बाद लोग कैलाश खेर की सादगी और श्रद्धा भाव की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# हॉकी इंडिया ने जूनियर टीम के नए हेड कोच का किया ऐलान, श्रीजेश की जगह फ्रांस का ये पूर्व खिलाड़ी संभालेगा जिम्मेदारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हॉकी इंडिया ने भारतीय जूनियर पुरुष टीम हॉकी टीम के नए हेड कोच के नाम का ऐलान 14 मई को कर दिया जिसमें उन्होंने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पीआर श्रीजेश जो इस जिम्मेदारी को पहले संभाल रहे थे उनकी जगह पर फ्रांस के पूर्व खिलाड़ी फ्रेडरिक सोयेज को ये जिम्मेदारी सौंपी है।***

श्रीजेश का जूनियर हॉकी टीम के साथ हेड कोच का कार्यकाल करीब डेढ़ साल लंबा रहा था जिसमें उनका अनुबंध पिछले साल चेन्नई और मदुरै में हुए जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में खत्म हो गया था। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया था। हॉकी इंडिया ने इसके बाद श्रीजेश के कार्यकाल को आगे नहीं बढ़ाया था, लेकिन उन्होंने फिर से हेड कोच बनने के लिए आवेदन किया था लेकिन इस बार उन्हें ये जिम्मेदारी नहीं मिली।

## आखिर कौन हैं नए हेड कोच फ्रेडरिक सोयेज..

भारतीय जूनियर हॉकी टीम के नए हेड कोच बनाए गए फ्रेडरिक सोयेज को लेकर बात की जाए तो उनकी गिनती यूरोपीय हॉकी के बेहतरीन कोचों में की जाती है जिनको कोचिंग का 15 से अधिक का अनुभव हासिल है। सोयेज ने साल 1995 से लेकर 2010 तक फ्रांस के लिए इंटरनेशनल हॉकी में कुल 196 मुकाबले खेले और उसमें वह 195 गोल करने में कामयाब रहे। इंटरनेशनल हॉकी को अलविदा कहने के बाद सोयेज ने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा जिसमें उन्होंने फ्रांस और स्पेन की टीम के लिए इस जिम्मेदारी को निभाया। स्पेन के जब वह कोच थे तो उस समय टीम ने साल 2019 में यूरोपीय चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल को अपने नाम किया था। फ्रेडरिक सोयेज ने साल 2016, 2020 और 2024 में हुए ओलंपिक गेम्स के अलावा साल 2018 और 2023 के हॉकी वर्ल्ड कप में कोच की जिम्मेदारी को संभाला है। इसके अलावा सोयेज छह यूरोपीय चैंपियनशिप साल 2013, 2015, 2017, 2019, 2021 और 2023 में भी कोच रहे हैं।



## हमारा ध्यान साल 2036 ओलंपिक गेम्स..

फ्रेडरिक सोयेज को भारतीय जूनियर हॉकी टीम का नया हेड कोच बनाए जाने को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय खिलाड़ी दिलीप टिर्की ने अपने खुशी को व्यक्त करते हुए कहा कि सोयेज के पास इंटरनेशनल लेवल का काफी अनुभव हासिल है जिसका भारतीय हॉकी फायदा मिलेगा। हम 2036 के ओलंपिक गेम्स को ध्यान में रखकर एक बड़े विजन के लिए तैयारी कर रहे हैं औप उसमें सोयेज काफी अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। हमारा ध्यान सिर्फ अभी मिलने वाले परिणामों पर नहीं बल्कि खिलाड़ियों का एक ऐसा पूल तैयार करने पर है जिससे जूनियर और सीनियर स्तर तक एक समान देखने को मिले।

# बच गई 2 बड़ी फिल्मों की टक्कर, अजय देवगन और अक्षय कुमार की मूवीज अब अलग-अलग होंगी रिलीज..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अजय देवगन की 'धमाल 4' और अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' बॉक्स ऑफिस पर एक साथ नहीं रिलीज होंगी। तरण आदर्श के अनुसार अजय देवगन ने 'वेलकम टू द जंगल' से टकराव से बचने के लिए 'धमाल 4' की रिलीज डेट 3 जुलाई से बदलकर 17 जुलाई कर दी है।***

X पर एक पोस्ट में आदर्श ने लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज़ 'धमाल 4' - 'वेलकम टू द जंगल', अजय देवगन और अक्षय कुमार के बीच टकराव टला। आपसी सम्मान और समझदारी भरी व्यावसायिक योजना के तहत, अजयदेवगन ने धमाल4 की रिलीज डेट को 17 जुलाई 2026 तक आगे बढ़ाने का फैसला किया है। पहले यह 3 जुलाई 2026 को रिलीज होने वाली थी।'

## आपसी सहमति के बाद लिया फैसला..

खबरों के मुताबिक, अजय देवगन और अक्षय कुमार ने बातचीत की और आपसी सहमति से दोनों फिल्मों - धमाल4 और वेलकम टू द जंगल - को सिनेमाघरों में पूरी तरह से प्रदर्शित करने का निर्णय लिया।



साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि दर्शक दो जबरदस्त मनोरंजक फिल्मों का बड़े पर्दे पर उसी तरह आनंद ले सकें जैसा कि उन्हें होना चाहिए। जहां वेलकम टू द जंगल 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में आ रही है, वहीं धमाल4 अब 17 जुलाई 2026 को रिलीज़ होगी। दोनों फिल्मों के निर्माताओं की ओर से उनकी रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा का अभी भी इंतजार है।

## 26 जून को रिलीज होगी फिल्म..

अहमद खान द्वारा निर्देशित और फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित, यह फिल्म 26 जून, 2026 को वैश्विक रिलीज के लिए तैयार है। 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी,

मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार सहित कई कलाकार शामिल हैं। जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला, विंदू दारा सिंह, वृही कोडवारा, आदित्य सिंह, भाग्य भानुशाली, और अन्य। 2007 में रिलीज हुई मूल 'वेलकम' में अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ, अनिल कपूर, नाना पाटेकर और परेश रावल थे और इसका निर्देशन अनीस बज़्मी ने किया था। 2015 में रिलीज हुई इसकी सीक्वल 'वेलकम बैक' में जॉन अब्राहम और श्रुति हासन ने अभिनय किया था।

# संजना को कांस्य, एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या चार हुई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***संजना ने शनिवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 77 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक संख्या चार कर दी। संजना ने कुल 220 किलोग्राम वजन उठाया (स्नैच में 96 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 124 किग्रा) और चार खिलाड़ियों के मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया।***




चीन की गुइफांग लियाओ ने कुल 265 किलोग्राम (118 किग्रा + 147 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि उत्तर कोरिया की क्यॉन्ग रयोंग किम ने 260 किलोग्राम (115 किग्रा + 145 किग्रा) के साथ रजत पदक अपने नाम किया। पोडियम पर जगह बनाने के साथ ही संजना ने कोमल कोहार (48 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा) और अजित नारायण (71 किग्रा) की सूची में अपना नाम जोड़ लिया जिन्होंने चल रही महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत के लिए कांस्य पदक जीते हैं।

महिलाओं के 86 किलोग्राम वर्ग में भारत की दूसरी खिलाड़ी वंशिता वर्मा कुल 220 किलोग्राम वजन उठाकर चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने स्नैच में 95 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 125 किग्रा वजन उठाया। चीन की कुइटिंग पेंग ने कुल 270 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। बहरीन की अलीना मारुशचक ने 265 किलोग्राम के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि दक्षिण कोरिया की ह्योनजू जांग ने 245 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स





## कमजोर आवक के बीच सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल में सुधार..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***आवक कमजोर के बीच शनिवार को घरेलू बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल में सुधार हुआ जबकि कमजोर कारोबारी गतिविधियों के कारण मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर बने रहे।***

बाजार सूत्रों के अनुसार कल रात शिकागो एक्सचेंज 1.5 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ था। इस बीच सरकार की ओर से सीपीओ का आयात शुल्क मूल्य 4.5 रुपये क्विंटल और सोयाबीन डीगम तेल का आयात शुल्क मूल्य 1.5 रुपये क्विंटल बढ़ाया गया है।

उन्होंने कहा कि किसान बाजारों में आवक सोच समझकर सीमित मात्रा में ला रहे हैं। सस्ता होने की वजह से सरसों की मांग भी है। इस बीच कच्ची घानी मिलों ने सरसों के दाम भी बढ़ाये हैं जिससे सरसों तेल-तिलहन में सुधार है। मध्य प्रदेश के सागर में प्लांट वालों ने सोयाबीन के दाम बढ़ाये हैं और कल रात शिकागो एक्सचेंज मजबूत रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन में भी सुधार है।

इसी प्रकार, पूरे भारत में कपास की आवक घटकर 22,000 गांठ की रह गई जबकि उत्तर भारत में 200-300 गांठों की आवक हुई। इससे बिनौला तेल में भी सुधार है।

शनिवार को सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सीपीओ एवं पामोलीन के दाम स्थिर रहे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :

सरसों तिलहन - 7,175-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,525-7,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,470-2,770 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 14,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,460-2,560 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,460-2,605 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,825 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,725 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,275 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,850 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।


पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,300-7,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,950-7,025 रुपये प्रति क्विंटल।

## टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, एएसएमएल ने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए किया समझौता




नई दिल्ली, (भाषा)।

***इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और नीदरलैंड की सेमीकंडक्टर उपकरण विनिर्माता कंपनी एएसएमएल ने भारत में चिप विनिर्माण के लिए साझेदारी की है। शनिवार को जारी एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई।***

यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान घोषित किया गया। एएसएमएल अत्याधुनिक छोटे सेमीकंडक्टर चिप के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली लिथोग्राफी मशीनों की प्रमुख विनिर्माता कंपनी है।

बयान के अनुसार, ÷इस साझेदारी के माध्यम से एएसएमएल, गुजरात के धोलेरा में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के आगामी 300 मिलीमीटर (12 इंच) सेमीकंडक्टर 'फैब' (चिप विनिर्माण संयंत्र) की स्थापना और उसके सफल संचालन में सहयोग करेगी। सेमीकंडक्टर जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत और नीदरलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के लिहाज से यह साझेदारी एक बड़ा कदम है।÷

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स 91,000 करोड़ रुपये के निवेश से भारत का पहला सेमीकंडक्टर वेफर विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है।

बयान में कहा गया कि इस सहयोग के तहत धोलेरा फैब में एएसएमएल की उन्नत लिथोग्राफी मशीनों और तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे भारत की पहली व्यावसायिक 300 मिमी सेमीकंडक्टर फैब का संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा।

यह साझेदारी स्थानीय प्रतिभा के प्रशिक्षण, लिथोग्राफी से जुड़े कौशल विकास और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने पर भी केंद्रित होगी।

चिप विनिर्माण में लिथोग्राफी की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, दोनों कंपनियां अनुसंधान एवं विकास ढांचे को विकसित करेंगी, जो इस फैब के दीर्घकालिक सफल संचालन के लिए आवश्यक होगा।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक रणधीर ठाकुर ने कहा,÷ एएसएमएल की समग्र लिथोग्राफी समाधानों में गहरी विशेषज्ञता धोलेरा स्थित फैब इकाई के समय पर संचालन को सुनिश्चित करेगी, वैश्विक ग्राहकों के लिए एक मजबूत और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला तैयार करेगी, नवाचार को बढ़ावा देगी और स्थानीय स्तर पर प्रतिभा विकास में मदद करेगी।÷

एएसएमएल के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टोफ फुके ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता सेमीकंडक्टर क्षेत्र कई संभावनाएं प्रस्तुत करता है और कंपनी इस क्षेत्र में दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि आज इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और वे टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स तथा उसके व्यापक परिवेश के साथ घनिष्ठ सहयोग की उम्मीद करते हैं।

उन्होंने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर क्षमताओं के विस्तार की अपनी महत्वाकांक्षाओं को साकार करने के लिए मजबूत स्थिति में है।

## वोडाफोन आइडिया को वैधानिक देनदारियां घटने से चौथी तिमाही में 51,970 करोड़ रुपये का मुनाफा



नई दिल्ली, (भाषा)।

***संकट से जूझ रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 51,970 करोड़ रुपये रहा। यह लगभग छह वर्षों में कंपनी का पहला शुद्ध लाभ है।***

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह लाभ मुख्य रूप से वैधानिक देनदारियों में राहत के कारण हुआ है। वोडाफोन आइडिया को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 7,167 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 27 जनवरी को पुष्टि की थी कि 31 दिसंबर, 2025 तक वोडाफोन आइडिया पर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से जुड़ा बकाया 87,695 करोड़ रुपये है।

इसके बाद डीओटी ने 30 अप्रैल को कंपनी को बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए गठित समिति ने 2006-07 से 2018-19 की अवधि के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक एजीआर बकाया 64,046 करोड़ रुपये तय किया है।

कंपनी ने कहा कि इसके बाद भारतीय लेखा मानकों के अनुसार 80,502 करोड़ रुपये की वित्तीय देनदारी को हटाकर 24,880 करोड़ रुपये की संशोधित देनदारी दर्ज की गई। यह राशि भविष्य के भुगतानों का वर्तमान मूल्य है। इससे 55,622 करोड़ रुपये (पुनर्मूल्यांकित राशि के प्रभाव सहित) अन्य संबंधित प्रावधानों के शुद्ध प्रभाव के साथ अंतर लाभ-हानि खाते में जोड़ा गया।

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब तीन प्रतिशत बढ़कर 11,332 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 11,229 करोड़ रुपये थी।

एजीआर देनदारी में कमी के कारण कंपनी पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में भी लाभ में रही। कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में 34,552 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में उसे 27,384 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की वार्षिक एकीकृत परिचालन आय तीन प्रतिशत बढ़कर 44,782 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 43,454 करोड़ रुपये थी।

## देखभाल की जिम्मेदारियों के कारण 10 में से आठ महिलाएं नौकरी के लिए आवेदन नहीं करतीं: रिपोर्ट



मुंबई, (भाषा)।

***पारिवारिक देखभाल से जुड़ी जिम्मेदारियां अब भी महिलाओं के करियर फैसलों को प्रभावित कर रही हैं। एक सर्वेक्षण में 83 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि उन्होंने कुछ पदों के लिए आवेदन करना छोड़*** दिया क्योंकि उन्हें लगता था कि काम और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण होगा। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

नौकरी के बारे में सूचना देने वाली वेबसाइट इंडीड की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 10 में से 8 महिलाओं ने देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों के कारण कुछ नौकरियों के लिए आवेदन न करने का विकल्प चुना है। यह महिलाओं के करियर विकल्पों पर देखभाल कार्य के निरंतर प्रभाव को बताता है।

रिपोर्ट में 83 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्होंने कुछ नौकरियों के लिए आवेदन इसलिए नहीं किया, क्योंकि उन्हें लगा कि काम और परिवार के बीच संतुलन बनाना मुश्किल होगा।

इंडीड इंडिया के प्रबंध निदेशक शशि कुमार ने कहा, ÷हालांकि कई परिवारों में देखभाल की जिम्मेदारियां साझा की जाती हैं, लेकिन भारत में महिलाएं अब भी करियर से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लेते समय इन जिम्मेदारियों को ध्यान में रखती हैं। महिलाएं महत्वाकांक्षी हैं, लेकिन अब वे ऐसी नौकरियों को चुन रही हैं जो उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियों के अनुरूप हों। जो कंपनियां काम में वास्तविक लचीलापन और स्पष्ट अपेक्षाएं देती हैं, वे महिलाओं को आकर्षित करने और उन्हें लंबे समय तक बनाए रखने में बेहतर स्थिति में होंगी।÷

इंडीड की यह रिपोर्ट देशभर की 1,141 महिलाओं की राय पर आधारित है। इनमें कामकाजी माताएं, नौकरी से विराम पर चल रहीं महिलाएं और विराम के बाद फिर से काम पर लौटी महिलाएं शामिल हैं। सर्वेक्षण में बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कोलकाता जैसे प्रमुख शहरों को शामिल किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि नौकरी चुनते समय महिलाओं के लिए काम में लचीलापन सबसे महत्वपूर्ण पहलू बन गया है। 53 प्रतिशत महिलाओं ने लचीले कामकाजी समय को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया, जबकि 48 प्रतिशत महिलाओं ने घर से काम या मिश्रित कार्य व्यवस्था को अहम माना। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 10 में से आठ महिलाओं ने कहा कि वे बेहतर लचीलापन और कार्य-जीवन संतुलन के बदले कम वेतन स्वीकार करने या इस पर विचार करने को तैयार हैं। इनमें 45 प्रतिशत महिलाओं ने कम वेतन स्वीकार करने की बात कही, जबकि 34 प्रतिशत ने कहा कि वे इस पर विचार कर सकती हैं। कामकाजी माताओं के लिए घर से काम और मिश्रित कार्य व्यवस्था विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनी हुई है। 37 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि यही बदलाव कामकाजी माताओं के लिए सबसे अधिक मददगार साबित हो सकता है। वहीं 59 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागियों का मानना है कि कार्यस्थलों पर बढ़े लचीलेपन से भारत में महिलाओं के करियर अवसर वास्तव में बेहतर हुए हैं, जबकि 30 प्रतिशत ने कहा कि इससे कुछ हद तक मदद मिली है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जैसे-जैसे अधिक कंपनियां फिर से दफ्तर आधारित कामकाज की ओर लौट रही हैं, कार्यालय में उपस्थिति की अनिवार्यता नौकरी संबंधी फैसलों को प्रभावित कर रही है।

## अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और जियोमार्ट पर अपंजीकृत खरपतवारनाशक की बिक्री की जांच के आदेश..




नई दिल्ली, (भाषा)।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के नोटिस के बाद चार प्रमुख ई-कॉमर्स मंच... अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और जियोमार्ट ने कथित तौर पर अपंजीकृत कृषि रसायन उत्पाद को बिक्री सूची से हटा दिया है। सीसीपीए ने इस मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

प्राधिकरण ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि मंचों ने नियामक को सूचित किया है कि 'साइक्लोसिनोन हर्बिसाइड' को बिक्री सूची से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है और इससे जुड़े विक्रेता खातों की जांच शुरू की गई है। हालांकि, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कहा कि ये प्रतिक्रियाएं केवल प्रारंभिक कदम हैं और मामले की व्यापक जांच का निर्देश दिया है।

ये नोटिस मूल रूप से क्रॉप केयर फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीसीएफआई) की शिकायत के बाद जारी किए गए थे। इस शिकायत को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने आगे बढ़ाया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कीटनाशक अधिनियम, 1968 की अनुसूची में शामिल न होने के बावजूद, इस खरपतवारनाशक की ऑनलाइन बिक्री और प्रचार सक्रिय रूप से किया जा रहा है।

शिकायत में यह भी बताया गया था कि उत्पाद सूची में कच्चे माल और उसकी सटीक रासायनिक पहचान का खुलासा नहीं किया गया, जो विशेष रूप से किसानों द्वारा सोच-समझकर खरीदारी करने के लिए आवश्यक जानकारी मानी जाती है।

मामले की जांच करने पर, सीसीपीए ने पाया कि सूचियों में उत्पाद की रासायनिक संरचना, वैध लाइसेंस संख्या और उनकी वैधता अवधि, उत्पाद की खतरनाक प्रकृति के बारे में अनिवार्य वैधानिक चेतावनियां और जहां लागू हो, वहां मुख्य प्राधिकरण प्रमाणपत्रों का विवरण नहीं दिया गया था। प्राधिकरण ने पाया कि इस तरह की चूक उपभोक्ताओं, विशेष रूप से किसानों और कृषि उपयोगकर्ताओं को गुमराह कर सकती है, जो कृषि रसायनों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के लिए उत्पाद संबंधी जानकारियों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं।

सीसीपीए ने कीटनाशक (द्वितीय संशोधन) नियम, 2022 के नियम 10(ई) का भी हवाला दिया, जो विशेष रूप से कीटनाशकों की ऑनलाइन बिक्री को नियंत्रित करता है और ई-कॉमर्स मंच को ऐसे सामान की अपने मंच से बिक्री की अनुमति देने से पहले विक्रेता लाइसेंस सत्यापित करने की जरूरत होती है।

प्राधिकरण ने कहा कि ऐसा न करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 का उल्लंघन है।

नोटिस के तहत, ई-कॉमर्स मंचों को प्रारंभिक सूचीबद्धता की तिथि, जनवरी 2024 से अब तक की कुल सूचीबद्धता की संख्या, संबंधित विक्रेताओं का पूरा विवरण और नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लागू उचित जांच प्रणाली सहित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

सीसीपीए ने कहा, ''डिजिटल सुविधा उपभोक्ता संरक्षण, वैधानिक गैर-अनुपालन या सार्वजनिक सुरक्षा की कीमत पर नहीं मिल सकती।'' प्राधिकरण ने कहा कि ई-कॉमर्स मंचों की यह जिम्मेदारी है कि उनके माध्यम से बेचे जाने वाले उत्पाद सभी लागू कानूनों का पालन करें।

प्राधिकरण ने कहा कि वह खासकर सार्वजनिक स्वास्थ्य, कृषि और सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में भ्रामक विज्ञापनों, अनुचित व्यापार गतिविधियों और उपभोक्ताओं के लिए जोखिम पैदा करने वाले उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के खिलाफकड़े कदम उठाना जारी रखेगा।

## आठ प्रमुख शहरों में मकानों की बिक्री जनवरी मार्च के दौरान दो प्रतिशत घटीः प्रॉपटाइगर..




नई दिल्ली, (भाषा)।

देश के आठ प्रमुख शहरों में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मकानों की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर करीब 96 हजार इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी प्रॉपटाइगर की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

रिपोर्ट में कहा गया कि मांग में नरमी और सस्ते घरों की नई आपूर्ति कम रहने से बिक्री प्रभावित हुई है।

प्रॉपटाइगर ने शनिवार को 'रियल इनसाइट-रेजिडेंशियल क्यू1 2026' रिपोर्ट जारी की। इसमें अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे के आवास बाजार का विश्लेषण किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, इन आठ शहरों में जनवरी-मार्च 2026 के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री घटकर 95,973 इकाई रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 98,095 इकाई थी। इस दौरान मकानों की नई आपूर्ति भी 93,065 इकाई पर लगभग स्थिर रही, जो पिछले साल की पहली तिमाही में 93,144 इकाई थी।

प्रॉपटाइगर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रकाश तेजवानी ने कहा, ÷भारतीय आवास बाजार अब अधिक संतुलित और व्यवस्थित दौर में पहुंच चुका है। अब बाजार की वृद्धि सट्टेबाजी के बजाय वास्तविक मांग, नियंत्रित भंडार और खरीदारों के भरोसे के आधार पर हो रही है।÷

शहरों में बेंगलुरु सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला बाजार रहा। वहां जनवरी-मार्च के दौरान मकानों की बिक्री 33 प्रतिशत बढ़कर 15,603 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 11,731 इकाई थी। चेन्नई में बिक्री बढ़कर 6,841 इकाई हो गई, जो पहले 4,774 इकाई थी। हैदराबाद में भी बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 13,297 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष यह 10,647 इकाई थी।

दिल्ली-एनसीआर में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 9,447 इकाई हो गई। हालांकि मुंबई महानगर क्षेत्र में बिक्री 15 प्रतिशत घटकर 26,116 इकाई रह गई, जो पहले 30,705 इकाई थी। पुणे में बिक्री 21 प्रतिशत घटकर 13,565 इकाई और कोलकाता में 24 प्रतिशत घटकर 2,883 इकाई रह गई।

अहमदाबाद में भी इस साल जनवरी-मार्च अवधि के दौरान मकानों की बिक्री 23 प्रतिशत घटकर 8,221 इकाई रह गई, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 10,730 इकाई थी। प्रॉपटाइगर ने कहा कि सभी आठ प्रमुख शहरों में मकानों की कीमतों में सालाना आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की गई। बिना बिके मकानों की संख्या भी संतुलित स्तर पर बनी रहीं।



जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण रोड एक्सीडेंट, 5 लोगों की मौत; 1 किमी तक घसीटती चली गई कार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कंधरापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 238 माइल स्टोन के पास शनिवार को एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना हुई। करीब एक किमी तक ट्रक में फंसी कार घसीटती गई।***




इस हादसे में कार में सवार दंपती समेत कुल पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कंधरापुर थाने की पुलिस, एसपी यातायात पंकज श्रीवास्तव, सीओ सिटी शुभम तोदी समेत अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। मृतकों की शिनाख्त करते हुए उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। घटना की जानकारी मिलते ही बिहार के सिवान जिले में स्थित सिसवन में रह रहे परिवार के सदस्य आजमगढ़ के लिए रवाना हो गए हैं।

### कार सवार सभी लोगों की मौत..

बिहार के सिवान जिले में स्थित सिसवन निवासी मनीष श्रीवास्तव (38) शनिवार को कार से पत्नी कंचन श्रीवास्तव (35), बेटी अदिती (16), आस्था (14) व 15 वर्षीय बेटे के साथ घर से निकले थे। वह आजमगढ़ जनपद के कंधरापुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 239 माइल स्टोन के पास पहुंचे थे कि तभी अचानक झपकी आ गई और बगल से गुजर रहे ट्रक में कार जा घुसी। इस हादसे में कार में सवार सभी की दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना मिलते ही थाना कंधरापुर पुलिस, क्षेत्राधिकारी नगर शुभम तोदी, सीसी टीम, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू किया गया। दुर्घटना में मृत लोगों को एंबुलेंस के माध्यम से मोर्चरी भेजा गया।

### बिहार के रहने वाले थे मृतक..

वहीं इस पूरे मामले में एसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 238 माइलस्टोन पर एक सूचना मिली कि एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी तेज रफ्तार से चलते हुए एक ट्रेलर में पीछे से टकरा गई उसे गाड़ी में पांच लोग सवार थे पांचो की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान बिहार के सिवान के हो गई है। परिजनों को सूचना दे दी गई है शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जो भी विधिक करवाई है वह कराई जाएगी।

### कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, दो लोगों की मौत..

वहीं, जालौन जिले में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कोतवाली क्षेत्र में जालौन-औरैया रोड पर कन्हैयाल अग्रवाल मेमोरियल स्कूल के पास की है जब तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई और फिर गहरे गड्ढे में गिरकर पलट गई। थाना प्रभारी ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे।

## घर में सो रही युवती को अपराधियों ने मारी गोली

## रिम्स में इलाज के दौरान मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***झारखंड में बढ़ते अपराध के बीच सिमडेगा जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। कोलेबिरा थाना क्षेत्र के नवाटोली में घर में सो रही एक युवती को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।***



जानकारी के अनुसार, नवाटोली निवासी मोहम्मद हुसैन की पुत्री जेबा परवीन अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान अपराधी घर में घुस आए और बेहद करीब से उसके सिर में गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग कमरे में पहुंचे, जहां जेबा खून से लथपथ हालत में तड़प रही थी।

परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### पुलिस कर रही मामले की जांच..

घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अपराधियों ने वारदात को किस मकसद से अंजाम दिया और वे घर में कैसे दाखिल हुए, इन सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि अब तक हमले के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### रांची में छात्रावास में पंखे से लटका मिला छात्र का शव..

वहीं, रांची में मेडिकल छात्र का शव शनिवार को छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अक्षत कुमार (21) के रूप में हुई है, जो सिमडेगा जिले का निवासी था और वह यहां राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। बरियातु पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा, 'सूचना मिलते ही हम मौके पर पहुंचे। अक्षत के छात्रावास के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। हमने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उसका शव छत के पंखे की मदद से बनाए गए फंदे से लटका हुआ मिला। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मेडिकल छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या की है।

## कांगो में इबोला से 65 मौतों के बाद मचा हड़कंप..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अफ्रीका के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने पुष्टि की है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के इटुरी प्रांत में इबोला का नया प्रकोप फैल गया है। 1976 में इस बीमारी की पहचान के बाद कांगो में ये इसका 17वां बड़ा प्रकोप माना जा रहा है।***

अब तक इस प्रकोप में 246 संदिग्ध मामले और 65 मौतें दर्ज की गई हैं, हालांकि इनमें से केवल 4 मौतों की ही प्रयोगशाला में पुष्टि हो सकी है, जबकि बाकी मामलों की जांच जारी है।

### युगांडा और साउथ सूडान पर भी मंडराया खतरा..

यह संक्रमण मुख्य रूप से इटुरी प्रांत के मोंगवालु और रवामपारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में देखा गया है, जबकि कुछ मामले प्रांतीय राजधानी बुनिया में भी सामने आए हैं। इटुरी क्षेत्र देश के पूर्वी हिस्से में स्थित एक दूरदराज़ इलाका है, जो राजधानी किंशासा से 1000 किलोमीटर से भी अधिक दूर है।

यहां सड़कें खराब होने के कारण राहत और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में बड़ी कठिनाई हो रही है। इस स्थिति में सबसे बड़ी चिंता यह है कि प्रभावित इलाके युगांडा और साउथ सूडान की सीमा के बेहद करीब हैं।

### विस्थापन के चलते संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ा..

बता दें कि बुनिया शहर भी युगांडा सीमा के पास स्थित है, जिससे संक्रमण के फैलने का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, लोगों की लगातार आवाजाही, पिछले समय में हुई हिंसा और सशस्त्र समूहों की गतिविधियों के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए हैं, जिससे संक्रमण की निगरानी और संपर्कों का पता लगाना और मुश्किल हो गया है।

अधिकारियों ने बताया है कि शुरुआती जांच में यह मामला इबोला ज़ैरे प्रकार से जुड़ा हो सकता है, लेकिन इसकी पुष्टि के लिए जीन सीक्वेंसिंग जारी है। अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने स्पष्ट किया है कि अंतिम रिपोर्ट आने में अभी समय लगेगा।

### कांगो में पहले भी खूब तबाही मचा चुका है इबोला..

बता दें कि इबोला वायरस के 3 मुख्य प्रकार माने जाते हैं जिनमें इबोला वायरस, सूडान वायरस और बुंडीबुग्यो वायरस शामिल हैं। कांगो में पहले इबोला वायरस का ज़ैरे स्ट्रेन भारी तबाही मचा चुका है, जिनमें 2018 से 2020 के बीच हुआ प्रकोप भी शामिल है, जिसमें 1000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कांगो के पास पहले से इबोला वैक्सीन और कुछ इलाज की खुराकें उपलब्ध हैं, लेकिन यह वैक्सीन हर प्रकार के इबोला पर प्रभावी नहीं है। इसलिए वायरस के प्रकार की पुष्टि बेहद जरूरी है।



### मामले से निपटने के लिए हुई हाई लेवल मीटिंग..

वहीं युगांडा में भी एक मामला सामने आया है, जहां कांगो से जुड़े एक व्यक्ति की मौत के बाद जांच में इबोला संक्रमण की पुष्टि हुई। युगांडा के अधिकारियों ने इसे 'आयातित मामला' बताया है और कहा है कि अभी तक देश में स्थानीय संक्रमण नहीं फैला है। युगांडा में इस मामले से जुड़े सभी संपर्कों को क्वारंटीन कर दिया गया है, जिनमें एक उच्च जोखिम वाला करीबी रिश्तेदार भी शामिल है। इस संकट को देखते हुए अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र ने कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ आपात उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और मामले से निपटने पर चर्चा की।

### आखिर कैसे इतनी तेजी से फैलता है इबोला?

इबोला एक बेहद खतरनाक वायरस है जो पहले जंगली जानवरों से इंसानों में फैलता है और फिर इंसानों के बीच शरीर के तरल पदार्थों जैसे खून, उल्टी और अन्य स्राव के संपर्क से फैलता है। यह वायरस संक्रमित वस्तुओं जैसे कपड़े और बिस्तर से भी फैल सकता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, उल्टी, दस्त, मांसपेशियों में दर्द और कई बार आंतरिक या बाहरी रक्तस्राव शामिल होते हैं। यह बीमारी गंभीर और कई मामलों में जानलेवा साबित होती है। इस तरह देखा जाए तो कांगो में फैला यह नया इबोला प्रकोप एक बार फिर अफ्रीका के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट बन गया है।

## ऋषिकेश में गंगा नदी में एक व्यक्ति डूबा, एक अन्य लापता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तराखंड में ऋषिकेश और उसके आसपास शनिवार को दो घटनाओं में गंगा नदी में नहाते समय दिल्ली के एक व्यक्ति की डूबकर मौत हो गयी जबकि राजस्थान का एक अन्य लापता हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।***



राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने बताया कि ऋषिकेश में साईं घाट में शाम साढ़े पांच बजे गंगा में स्नान करते समय एक व्यक्ति का संतुलन बिगड़ गया और वह नदी के तेज बहाव में डूब गया। एसडीआरएफने बताया कि गोताखोरों की मदद से नदी में खोज अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 15 से 20 फीट गहराई में इस व्यक्ति का शव मिला। उसकी पहचान दिल्ली के मालवीय नगर के सोनू वर्मा (30) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वर्मा एक बस परिचालक था जो पलवल से यात्रियों को लेकर ऋषिकेश आया था। बस को पार्किंग में खड़ा करवाने के बाद चालक के साथ वह गंगा स्नान के लिए गया था। एक अन्य घटना ऋषिकेश के निकट शिवपुरी क्षेत्र में हुई जहां अपने दोस्तों के साथ घूमने आया एक युवक गंगा नदी के तेज बहाव में लापता हो गया। एसडीआरएफने बताया कि दोपहर में नमामि गंगे घाट से लगभग 200 मीटर की दूरी पर राजस्थान का वेद प्रकाश (24) अपने पांच दोस्तों के साथ गंगा नदी में नहा रहा था, इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह तेज बहाव में आकर लापता हो गया। एसडीआरएफ के मुताबिक, गंगा की चुनौतीपूर्ण जलधारा एवं सीमित दृश्यता के बावजूद गोताखोरों की सहायता से पूरी तकनीकी दक्षता के साथ सभी संभावित स्थानों पर लापता युवक की तलाश की जा रही है। एसडीआरएफ ने बताया कि अभी वेद प्रकाश का कुछ पता नहीं चला है और रविवार को पुनः तलाश अभियान चलाया जाएगा। एसडीआरएफ के सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने पर्यटकों से वर्तमाान में गंगा नदी के जलस्तर और तेज बहाव को देखते हुए अनजान एवं गहरे स्थानों पर स्नान करने से बचने अपील की है।

## तरबूज खाने के बाद व्यक्ति की मौत, बेटा गंभीर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कथित तौर पर तरबूज खाने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका बेटा गंभीर हालत में है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।***



मुंबई में एक परिवार के चार सदस्यों की तरबूज खाने की घटना के एक माह बाद संदिग्ध विषाक्तता से मौत होने की यह घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान आगर मालवा जिले के मूल निवासी इंद्र सिंह परिहार (43) के रूप में हुई है जो वह परिवहन कारोबारी थे और परिवार के साथ श्योपुर में रहते थे। कोतवाली के थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि उनके बेटे राजा और विनोद भी कारोबार में हाथ बंटाते थे।

राजा परिहार के अनुसार, परिवार ने बृहस्पतिवार रात कद्दू की सब्जी खाई थी। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे इंद्र सिंह और विनोद (21) की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद राहत पाने के लिए उन्होंने घर में रखा तरबूज खाया। थाना प्रभारी ने बताया कि तरबूज खाने के कुछ ही देर बाद दोनों की हालत और खराब हो गई तथा उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुर्जर ने बताया कि इंद्र सिंह की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें कोटा रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि विनोद परिहार जिला अस्पताल में उपचाराधीन है

और उसे 'वेंटिलेटर' पर रखा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इंद्र सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पिछले महीने मुंबई में एक परिवार के चार सदस्यों की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की रिपोर्ट में मृतकों के शरीर से लिये गये नमूनों तथा उनके द्वारा खाए गए तरबूज के नमूने में चूहे मारने में इस्तेमाल होने वाला 'जिंक फॉस्फाइड' पाए जाने की पुष्टि हुई थी।

## इंदौर में प्लास्टिक ग्रेन्यूल फैक्टरी में भीषण आग, कोई हताहत नहीं..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के इंदौर में धार रोड स्थित प्लास्टिक ग्रेन्यूल बनाने वाली एक फैक्टरी में शनिवार सुबह आग लग गई। घटना के समय फैक्टरी में कोई मजदूर मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।***


पुलिस अधिकारी के अनुसार, आग सुबह करीब साढ़े सात बजे लगी। दमकल के छह वाहनों की मदद से करीब साढ़े चार घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर लगभग 12 बजे आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग से उठ रहा काला धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया, 'प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, धार रोड स्थित प्लास्टिक ग्रेन्यूल निर्माण इकाई 'ड्यू ड्रॉप इरिगेशन' के वितरण पैनल (डीपी) में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

फैक्टरी में बड़ी मात्रा में रखे अत्यधिक ज्वलनशील प्लास्टिक ग्रेन्यूल के कारण आग तेजी से फैल गई और कुछ ही मिनटों में पूरी इकाई इसकी चपेट में आ गई।' उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। फैक्टरी मालिक मोहम्मद जावेद कुरैशी ने पुलिस को बताया कि दिन और रात की पाली में काम करने वाले 30 से 35 मजदूरों में से कोई भी आग लगने के समय फैक्टरी में मौजूद नहीं था।

## फरीदाबाद में एक व्यक्ति की गला घोंटकर हत्या, बेटी का दोस्त गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***फरीदाबाद में 51 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई और उसका शव नंगला-गुजरान रोड के पास फेंक दिया गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हत्या के सिलसिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।***



पुलिस ने बताया कि आरोपी करण (24) ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसका पीड़ित की बेटी के साथ संबंध था और उसने विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी। मरने वाले की पहचान सारण गांव के निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है और वह एक निजी कंपनी में काम करता था। उसका शव शनिवार तड़के नेकपुर गांव के पास मिला। पुलिस के अनुसार, एनआईटी फरीदाबाद की फ्रंटियर कॉलोनी में रहने वाले रवि ने बृहस्पतिवार रात शिकायत दर्ज कराई जिसमें कहा कि रात करीब 8:30 बजे उसकी चाची ने फोन करके बताया कि उसके चाचा मुकेश कुमार को करण अपने साथ ले गया है और वह घर नहीं लौटे हैं। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने मुकेश की तलाश की और बाद में उसका शव नंगला-गुजरान रोड पर मिला। उसने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सारण थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और हत्या के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'पूछताछ के दौरान, आरोपी करण ने बताया कि वह मुकेश की बेटी से परिचित था और दोनों एक ही कंपनी में काम करते थे। मुकेश उसे अपनी बेटी से मिलने से रोक रहा था और इस बात पर उनके बीच पहले भी कहा-सुनी हो चुकी थी। इसके बाद उसने मुकेश की हत्या करने की साजिश रची।'

उन्होंने कहा कि करण कथित तौर पर बृहस्पतिवार शाम को मुकेश को किसी बहाने से नंगला-गुजरान रोड पर ले गया जहां उसके साथ मारपीट की और गला घोंटकर उसकी हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।











दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

सुरेश गावते देवरी

मो. 9420886573


### देवरी में 20 मई को 'देवरी बंद' का आह्वान..

## साकोली-लाखनी की तर्ज पर सिंगल कॉलम फ्लाई ओवर के लिए नागरिक आक्रामक..

### नगर पंचायत से अनुविभागीय कार्यालय तक निकलेगा भव्य शांति मोर्चा 7 प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए देवरीवासियों का एल्गार (हुंकार)..



जगप्रेरणा देवरी।

*देवरी शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर साकोली और लाखनी शहर की तर्ज पर एक भव्य सिंगल कॉलम (पिलर वाला) फ्लाईओवर (उड़ानपुल) बनाया जाए, इस मांग को लेकर अब देवरी के नागरिक बेहद आक्रामक हो गए हैं।*

प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने और अपने हक की मांग को मनवाने के लिए देवरीवासियों ने आगामी बुधवार, 20 मई को 'देवरी बंद' की घोषणा की है। इस बंद के दौरान शहर में एक भव्य और शांतिपूर्ण मोर्चा निकाला जाएगा, जिसके जरिए प्रशासन को अंतिम चेतावनी दी जाएगी।

### दीवार वाले पुल का कड़ा विरोध, पिलर वाले पुल की मांग..

वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित या बनाए जा रहे पारंपरिक 'दीवार वाले पुल' (**Wall-type bridge**) के कारण शहर के दो हिस्सों में बंटने और स्थानीय व्यापार के तबाह होने की आशंका नागरिकों द्वारा जताई जा रही है। देवरीवासियों की एक सुर में मांग है कि-'हमें दीवार नहीं, बल्कि पिलर वाला पुल चाहिए।' नागरिकों की पुरजोर मांग है कि जैसा आकर्षक और सुविधाजनक सिंगल कॉलम पुल साकोली और लाखनी में बनाया गया है, वैसा ही निर्माण देवरी में भी किया जाए।

### नाले से नाले तक किया जाए फ्लाईओवर का विस्तार..

आंदोलनकारी नागरिकों ने पुल की रूपरेखा को लेकर भी अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उनकी मांग है कि यह फ्लाईओवर तहसील कार्यालय के सामने पूर्वी हिस्से के नाले से लेकर सीधे मोक्षधाम के पास पश्चिमी हिस्से के नाले तक (नाले से नाले तक) लगातार बनाया जाए। नागरिकों ने विश्वास व्यक्त किया है कि इससे शहर के भीतर यातायात की समस्या (जाम) खत्म होगी और भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

### 20 मई को भव्य 'शांति मोर्चा'

इस आंदोलन की रूपरेखा घोषित कर दी गई है। 20 मई को सुबह ठीक 9:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय, देवरी से इस शांतिपूर्ण मोर्चे की शुरुआत होगी। यह मोर्चा मुख्य मार्ग से होते हुए अनुविभागीय अधिकारी (**SDO**) कार्यालय, देवरी पहुंचेगा। वहां प्रशासन को देवरीवासियों की मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। एकजुट हों। संगठित हों। हक के लिए आगे आएं। यह हमारे देवरी के भविष्य का सवाल है। साकोली-लाखनी जैसा सुंदर और सुविधाजनक पुल पाना हमारा अधिकार है। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों और संगठनों को दरकिनार कर, सभी देवरीवासी 20 मई को अपने-अपने प्रतिष्ठान (दुकानें) बंद रखकर इस शांतिपूर्ण मोर्चे में बड़ी संख्या में शामिल हों। ऐसा आह्वान आंदोलनकारी समिति द्वारा किया गया है।

इस आंदोलन की पृष्ठभूमि में फिलहाल देवरी में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और सोशल मीडिया पर भी 'देवरी बंद' के पोस्टर जमकर वायरल हो रहे हैं। अब प्रशासन इस जन-आक्रोश पर क्या संज्ञान लेता है, इस पर पूरे जिले की नजरें टिकी हुई हैं।

## कार्यकर्ताओं को देशहित के लिए तैयार करना ही भाजपा का ध्येय - विधायक विजय रहांगडाले..

### गोरेगांव में भाजपा के दो दिवसीयजिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा के माध्यम से अनुशासित और प्रशिक्षित कर भारत को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए* निरंतर प्रयासरत है। एक आदर्श कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए और समाज व संगठन के निर्माण में उसकी क्या भूमिका होनी चाहिए, इसके उदाहरण देते हुए विधायक विजय रहांगडाले ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अत्यंत सामयिक और प्रभावी मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही, पश्चिम बंगाल की जीत को आम कार्यकर्ताओं के दृढ़ संकल्प की जीत बताते हुए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। वे आज, 16 मई को भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत गोरेगांव स्थित जैन रिसॉर्ट में आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन अवसर पर मुख्य मार्गदर्शक के रूप में बोल रहे थे। जिलाध्यक्ष सीताताई रहांगडाले की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन पूर्व विधायक अनिल सोले के हाथों किया गया।

इस अवसर पर विधायक विजय रहांगडाले के साथ विधायक संजय पुराम, विधायक विनोद अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराव भेंडारकर, पूर्व विधायक हेमंत पटले, पूर्व विधायक खोमेश रहांगडाले, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष विजय शिवणकर, पूर्व जिलाध्यक्ष एड. येशूलाल उपराडे, भाजपा प्रदेश महामंत्री रचना गहाणे और भंडारा-गोंदिया समन्वयक वीरेंद्र अंजनकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर तथा वंदेमातरम से की गई।

इसके बाद, जिलाध्यक्ष सीताताई रहांगडाले ने प्रास्ताविक भाषण देते हुए इस प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता और दो दिनों के पूरे कार्यक्रम के विस्तृत प्रारूप को समझाया। भंडारा-गोंदिया समन्वयक वीरेंद्र अंजनकर ने प्रशिक्षण के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों और नियमों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पंकज रहांगडाले ने किया। 17 मई तक चलने वाले इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, जिले के सभी विधायक और पार्टी के सभी प्रमुख नेता मुख्य रूप से उपस्थित हैं।

इन दो दिनों की अवधि में कुल 11 विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया है। पहले दिन उद्घाटन सत्र के बाद हुए प्रथम मुख्य सत्र में प्रोफेसर अनिल सोले ने 'भाजपा का इतिहास और विकास यात्रा' विषय पर उपस्थित कार्यकर्ताओं का गहन मार्गदर्शन किया। इसके बाद सोशल मीडिया, आईटी, मन की बात और बूथ प्रबंधन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीकी व संगठनात्मक विषयों पर संजय फांजे ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया, जबकि 'भाजपा का कार्य विस्तार' विषय पर पूर्व विधायक गिरीश व्यास और 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर विधायक विनोद अग्रवाल ने अपने अध्ययनपूर्ण विचार रखे।

कल, 17 मई को होने वाले दूसरे दिन के प्रमुख सत्रों में 'भाजपा की कार्यपद्धति' विषय पर डॉ. उपेंद्र कोठेकर मार्गदर्शन करेंगे। इसके अलावा 'देश के सामने चुनौतियां' जैसे ज्वलंत विषय पर विधायक प्रवीण दटके, 'सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं' विषय पर धर्मपाल मेश्राम, तथा 'भाजपा का विचार परिवार' विषय पर वीरेंद्र अंजनकर का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सभी सत्रों के समापन के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच महत्वपूर्ण विषयों पर समूह चर्चा होगी और इसके बाद इस दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन किया जाएगा।

## डोंगरगांव से मां बेटा लापता, लोगों से उसे ढूंढने की इमोशनल अपील..


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433




जगप्रेरणा आमगांव।

*तालुका के डोंगरगांव इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला और उसका 5 साल का छोटा बेटा अचानक लापता हो गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।*

घटना शनिवार, 9 मई, 2026 को सुबह करीब 9 बजे हुई और तीन दिन बाद भी मिलेक का कोई पता नहीं चला है। इससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में चिंता का माहौल बन गया है। डोंगरगांव, पो. कट्टीपार की रहने वाली ज्योति आलोक पटले अपने 5 साल के बेटे निशांत आलोक पटले के साथ घर से निकलीं।

हालांकि, परिवार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है कि वह कहां गई, किसके साथ गई या किस दिशा में गई। रिश्तेदारों, दोस्तों और सभी संभावित जगहों पर तलाश करने के बावजूद, लापता व्यक्ति अभी तक नहीं मिला है। परिवार छोटे निशांत की सुरक्षा और मां-बेटे के लापता होने के कारण को लेकर बेहद चिंतित है। उनकी चिंता हर गुजरते पल के साथ बढ़ती जा रही है, और परिवार ने नागरिकों से अपील की है, 'हमारे लापता व्यक्ति को सुरक्षित वापस लाओ।'

### लापता व्यक्तियों के बारे में जानकारी:

महिला का नामः ज्योति आलोक पटले (उम्र 26 वर्ष)। बेटे का नामः निशांत आलोक पटले (उम्र 5 वर्ष)। निवासीः डोंगरगांव, पो. कट्टीपार, तह. आमगांव, जिला. गोंदिया। लापता तारीखः 09 मई 2026 (शनिवार)। समयः सुबह 9:00 बजे। पति का नामः आलोक पटले। कॉन्टैक्ट नंबरः 8263876951

**नागरिकों से तुरंत अपीलः** अगर किसी को भी उक्त महिला या लड़का कहीं दिखे, या उनके बारे में कोई जानकारी हो, तो कृपया इंसानियत के नाते तुरंत नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें। आपकी एक जानकारी किसी परिवार के लिए उम्मीद की किरण बन सकती है।

'एक शेयर एक फ़ोन कॉल किसी लापता व्यक्ति को सुरक्षित रूप से उसके परिवार तक पहुंचा सकता है।

### जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



शीतल पेय का सहारा: चिलचिलाती गर्मी और शीतल पेय का सहारा, बदलती लाइफस्टाइल: पानी छूटा, कोल्ड ड्रिंक्स बनीं युवाओं की पहली पसंद फिर भी लस्सी, नीबू शर्बत व गन्ना के रस आज भी नागरिको की पहली पसंद बनी हुई हैं।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### रावणवाड़ी मे दिनदहाड़े मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 11/2/2026 के सुबह 11 बजे रजेगाव मे फर्यादी डुलेन्द्रसिंग मनीरामसिंग जतपेले उम्र 49 वर्ष निवासी कोचेवाही घटना के समय अपने बेटे निर्मल जतपेले उम्र 18 वर्ष की टिसी निकालने रजेगाव मे हरीरामजी अग्रवाल ज्युनियर कॉलेज मे गये थे। उन्होंने अपनी मोटरसायकल कम्पाऊंड के बाहर रोड पर रखी थी। कॉलेज का काम करके वापस आये तो देखा की मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एसी 5781 किमत 15 हजार रुपये की वहा नही थी। घटना के दरम्यान किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 259/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा चौधरी 87 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### सब्जी बेचकर घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/5/2026 के रात 10 बजे के दरम्यान खमारी मे गेंदलाल गोपीचंद राणे उम्र 60 वर्ष निवासी दहेगाव यह गोंदिया सब्जीमंडी मे सब्जी बेचता है दिनभर धंदा करने के बाद अपने घर जाने के लिये अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एन 8032 गोंदिया से दहेगाव जा रहा था। घटना के समय अज्ञात वाहन ने उसे सामने से ठोस मारा गंभीर जख्मी होने से उसे गोंदिया से नागपुर रेफर किया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिताबर्डी नागपुर शहर पुलिस के कागजपत्र पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे प्राप्त होने से पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 276/2026 धारा 281,106,1, भान्यास 2023 सहकलम 184,134, ए, बी, मोवाका के तहत मामला दर्ज कर जाच पोहवा धुवारे 423 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### खेत की फसल नही देता इस बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतगत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 15/5/2026 के 3 बजे के दरम्यान इटखेडा मे फर्यादी पुष्पा चिंतामण बोळणे उम्र 65 वर्ष निवासी इटखेडा भोजन कर आराम कर रही थी। जहा आरोपी ने शराब के नशे मे आकर कहा तु फसल मुझे क्यो नही देती अकेली क्यो खाती है बोलकर गालीगलोच की और पटिया से हात पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 218/2026 धारा 118,1,115, 2, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा नंदेश्वर 1779 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## पोखरा, नेपाल में आयोजित आशियाई थाई बॉक्सिंग स्पर्धा में श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन..



जगप्रेरणा आमगांव।

*नेपाल के खूबसूरत शहर पोखरा स्थित क्रिडा संकुल स्टेडियम में दिनांक 8 मई से 11 मई 2026 तक आयोजित प्रतिष्ठित आशियाई थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप* का भव्य समापन उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन संतोष खैरनार एवं **Nepal Thai Bo&ing Association** के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों से आए खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक बहादुर गोदार, अध्यक्ष **Sports Development Committee,** पोखरा महा नगरपालिका तथा गणेश कक्षपति, अध्यक्ष **Nepal Thai Bo&ing Association** उपस्थित रहे। वहीं **Thai Bo&ing** के **Founder & President** पी. वाय. अत्तर सर की विशेष उपस्थिति ने खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए महाराष्ट्र के आमगांव स्थित श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं देश का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने विभिन्न मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए।

अवनी वाडिभस्मे - सुवर्ण पदक। प्रत्युषा भसे - सुवर्ण पदक। आरुष मुनेश्वर - सुवर्ण पदक युक्ति मानकर - रजत पदक।

विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती स्मृति छपरिया ने सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय प्रबंधन मंडल के सदस्य डॉ. विकास जैन, डॉ. लता जैन, डॉ. जीतेन्द्र वालके, डॉ. ललित कलंत्री, डॉ. भाग्यश्री वाळ्के, श्री लीलाधर कलंत्री एवं श्री राजेश गोयल ने भी विद्यार्थियों की सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता में भारत की ओर से पंच एवं अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। अजय खेड़गरकर, नाज़िम शेख, नितिन कदम, वज़ीर शेख, शुभांगी सहारे, सलीम शेख, साहिली गाडवे, मालती लिल्हारे, राजेश झारखंडी, किरण माने, अरुणा हिवरकर एवं आसिफशेख ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

चार दिनों तक चली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार थाई बॉक्सिंग कला का प्रदर्शन किया। खेल के माध्यम से विभिन्न देशों के बीच मित्रता, एकता एवं खेल भावना का प्रेरणादायी संदेश भी देखने को मिला। विद्यालय के विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है

### अचानक तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/5/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान रामाटोला मे खुशाल रमेश रहिले उम्र 24 वर्ष की अचानक तबीयत खराब हुई उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल ले गये जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर के लिखित मेमो और फर्यादी के बयान पर पोस्टे आमगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 21/2026 धारा 194 बि एन एस एस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाच पोहवा उईके 26 पोस्टे आमगांव कर रहे है।**


### प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़े जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145


जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## जनसंवाद में की गई शिकायत पर जांच में नगर परिषद ने 'रजनीगंधा ले-आउट' को बताया पूरी तरह वैध..

### जनसंवाद में की गई शिकायत पर जांच में नगर परिषद ने 'रजनीगंधा ले-आउट' को बताया पूरी तरह वैध..

### शिकायतकर्ताओं की झूठी शिकायत पर अब मानहानि का दावा करेंगे नीरज अग्रवाल






बोले नीरज अग्रवाल..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***आज के युग में लोग अपने दुखों से कम और सामने वाले के सुखों या नियम कानुन से काम करने के तरीके से अधिक दुखी हो जाते हैं। चाहे व्यवसायिक विषय हों या फिर सामाजिक या राजनीतिक, हर जगह इस तरह के विघ्न संतोषीयों के कारण शासन, प्रशासन और व्यक्ति विशेष सभी को जबरन परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है, और काफी वक्त बेवजह के कार्यों***

में चला जाता है, तथा अनेक मर्तबा पूरी पारदर्शिता एवं नियमों के तहत कार्य करने वालों को भी मिथ्या आरोपों और जांच का सामना करते हुए सच को सच साबित करने की जद्दोजहद से भी गुजरना पड़ता है, और ऐसा ही एक मामला गोंदिया में रजनीगंधा ले आऊट को लेकर सामने आया है, जिसमें आखिरकार सच्चाई से परदा उठ गया है, और की गई शिकायतों के बाद जांच में रजनीगंधा ले आऊट को नगर परिषद द्वारा पूरी तरह वैध घोषित कर दिया गया है।

### क्या है मामला..

गौरतलब है कि रजनीगंधा ले आऊट जो कि गोंदिया शहर में हरीकाशी नगर के समीप डेवलप किया जा रहा है, इस विकसित होते नए ले आऊट के संदर्भ में शिकायतकर्ता प्रभु डोंगरे द्वारा 24 फरवरी 2026 को एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर नगर परिषद द्वारा 24 मार्च 2026 को एक नोटिस जारी कर रजनीगंधा ले आऊट के मालिक नीरज अग्रवाल को एक नोटिस जारी कर दस्तावेजों सहित कार्यालय में 7 दिन के अंदर लाकर जमा कराने के निर्देश दिये गए थे। इसके बाद 27/3/2026 को सभी संबंधित दस्तावेज नगर परिषद में रजनीगंधा ले आऊट के मालिक नीरज अग्रवाल ने जमा कर दिए। सभी दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने के पश्चात व लेआउट की जगह पर पहुंचकर जांच कार्यवाही में भी किसी तरह की कोई अनियमितता नहीं पाई गई, और शिकायतकर्ता की शिकायत में उठाए गए मुद्दों का जवाब देते हुए नगर परिषद ने संबंधित शिकायतकर्ता को 5 मई 2026 को पत्र द्वारा यह भी सूचित कर दिया कि रजनीगंधा रेजिडेंसी लेआउट पूर्ण रूप से वैद्य व नियमित पाया गया तथा उसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं पाई गई।

### बोले नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे..



गौरतलब है कि गोंदिया नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे के पास जनसंवाद कार्यक्रम में शिकायतकर्ता प्रभु डोंगरे एवं सुरेश हरजानी एवं अन्य द्वारा रजनीगंधा ले आऊट को फर्जी एवं नियमविरुद्ध विकसित किये जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की थी, जिस पर 15 मई को दूसरे जनसंवाद में मीडिया के सामने नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने माना कि की गई शिकायत में जांच के बाद रजनीगंधा ले आऊट पूरी तरह से नियमानुसार एवं वैध पाया गया है, और इसका प्रमाणपत्र भी रजनीगंधा ले आऊट के डेवलपर नीरज अग्रवाल को दे दिया गया है।

### बोले नीरज अग्रवाल..

रजनीगंधा ले आऊट के डेवलपर नीरज अग्रवाल ने शिकायत के उपरांत जांच कार्यवाही एवं उसकी वैधता की पुष्टि एवं नगर परिषद द्वारा प्रमाणपत्र जारी किये जाने के उपरांत इसे सच्चाई की जीत करार दिया है। नीरज अग्रवाल ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दुर्भावना से प्रेरित होकर शिकायत की गई थी, और उनकी छबी को धुमिल करने का तथा व्यवसायिक नुकसान कैसे हो, इसके प्रयास किये गए थे, लेकिन चूंकि हमारा स्वयं का स्वभाव नियमानुसार कार्य करने का रहा है, इसलिये सभी आरोपों को नगर परिषद द्वारा खारिज करते हुए रजनीगंधा ले आऊट को वैध घोषित कर दिया गया है। नीरज अग्रवाल ने यह भी बताया कि तथाकथित शिकायतकर्ताओं द्वारा ले आऊट में लोग प्लॉट ना खरीदें, इसलिये भी दुष्प्रचार किया जा रहा था, लेकिन नगर परिषद की जांच ने अब आरोपों को खारिज करते हुए ले आऊट को वैध करार देकर शिकायतकर्ताओं की शिकायत को आधारहीन करार दे दिया है, और इस प्रकार सच्चाई का बोलबाला और झूठे का मूंह काला साबित हो गया है।

### करेंगे मानहानि का दावा..

नीरज अग्रवाल ने कहा कि आजकल कुछ लोगों ने झूठी शिकायतें करके ब्लैकमेल को ही अपना कारोबार बना लिया है, तथा ऐसे लोगों से ईमानदारी से काम करने वालों को भी नाहक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बेबुनियाद, बिना सबूतों के सिर्फ दुर्भावना और ब्लैकमेलिंग से की जाने वाली शिकायतें तब तक नहीं रुकेंगी, जब तक तथाकथित ब्लैकमेलरों को सहीं जवाब नहीं दे दिया जाए। इसलिये वे इस मामले में अब की गई शिकायत और की गई मानहानि के संदर्भ में माननीय न्यायालय में अपील करेंगे।

### 20 मई को दवा विक्रेताओं का भारत बंद

## मरीजों की सुविधा के लिए गोंदिया जिला प्रशासन सतर्क..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर बुधवार, 20 मई 2026 को देशभर के खुदरा और थोक दवा विक्रेता अपनी दवा दुकानें बंद रखेंगे। ऑनलाइन इंटरनेट फार्मेसी के विरोध तथा अन्य मांगों को लेकर यह बंद बुलाया गया है।***

इस पृष्ठभूमि में गोंदिया जिले में मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रहे, इसके लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत 8 मई को जिले के खुदरा और थोक दवा विक्रेता संघों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने बंद में शामिल न होने की अपील की है। साथ ही दवा विक्रेताओं से व्यक्तिगत स्तर पर संपर्क कर कुछ मेडिकल स्टोर खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर संगठनों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। नागरिकों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए तहसील स्तर पर संपर्क व्यक्तियों की सूची भी तैयार की जा रही है। आपातकालीन स्थिति में दवाओं की आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों से प्रशासन से सीधे संपर्क करने की अपील की गई है।

प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आपातकालीन स्थिति में नागरिक दवाओं के लिये श्री अभिषेक चवरडोल, औषधि निरीक्षक से उनके मो. नं. 8897940981 पर एवं अतिश सरकाळे, सहायक आयुक्त (औषधि) से उनके मो.नं. 9890165018 पर संपर्क कर सकते हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, गोंदिया ने नागरिकों से अफ्वाहों पर विश्वास न करने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन से संपर्क करने की अपील की है।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

## गोंदिया पुलिस ने कत्लखाने ले जा रहे 13 मवेशियों को छुड़ाया, 4 आरोपी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***जिले में अवैध धंधों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय अपराध शाखा गोंदिया की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है। क्रूरतापूर्वक और अवैध रूप से मवेशियों को कत्लखाने ले जा रहे 4 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और 13 मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराया गया है। इस कार्रवाई में कुल 9 लाख 30 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है।***

मिली जानकारी के अनुसार, गोंदिया के पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देश और एलसीबी के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में पुलिस की एक टीम सालेकसा पुलिस थाना क्षेत्र में गश्त (पेट्रोलिंग) कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को पुख्ता गोपनीय सूचना मिली कि सालेकसा क्षेत्र के पानगांव (साखरीतोटा) खेत परिसर में कुछ लोग चार पहिया वाहन में मवेशियों को क्रूरता से बांधकर वध के लिए ले जाने वाले हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने पानगांव में नहर के पास स्थित एक खेत में छापेमारी की। वहां दो लोग एक सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन में 6 मवेशियों को बेहद बेरहमी और ठूंस-ठूंस कर भरते हुए पाए गए। इसके अलावा, जब पुलिस ने आसपास के इलाके की जांच की, तो 7 अन्य छोटे-बड़े मवेशी (गाएं और बैल) वाहन में लादने के लिए बांधकर रखे हुए मिले। पूछताछ में वाहन चालक ने बताया कि मालिक के कहने पर इन मवेशियों को वध के लिए नागपुर ले जाया जा रहा था।

### 9.30 लाख रुपये का माल जब्त

इस कार्रवाई में पुलिस ने निम्नलिखित सामग्री जब्त की है। 13 मवेशीः (प्रत्येक की कीमत 10,000 रुपये) कुल कीमत 1,30,000/- रुपये। बोलेरो पिकअप वाहनः अनुमानित कीमत 8,00,000/- रुपये। कुल जब्त मालः 9,30,000/- रुपये। इस मामले में सालेकसा पुलिस स्टेशन में चार आरोपियों 1) सचिन सुरेश वंजारी (उम्र 30 वर्ष, निवासी- लाखनी) 2) हितेश गभणे (उम्र 30 वर्ष, निवासी- लाखनी) 3) मारुती गभणे (निवासी- सिल्ली) तथा 4) मोनू हरिणखेडे (उम्र 30 वर्ष, निवासी- पानगांव) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों के खिलाफसालेकसा पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 256/2026 के तहत, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)त्र, और महाराष्ट्र पशु संवर्धन अधिनियम की धारा 5(अ), 9(अ) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### इस टीम ने की कार्रवाई

इस सफल कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के निर्देश पर एलसीबी के पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार संजय चौहान, सुबोध बिसेन, दीक्षितकुमार दमाहे, पुलिस सिपाही राकेश इंदूरकर, छगन विठ्ठले और हंसराज भांडारकर (सभी स्थानीय अपराध शाखा, गोंदिया) की टीम ने अंजाम दिया।

## गोंदिया जिला व्यापारी असोसिएशन ने किया दिव्या इसरका का सत्कार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिला व्यापारी असोसिएशन के महासचिव राजा इसरका की सुपुत्री कु. दिव्या इसरका ने कक्षा 12 वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में में 93:4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में साईंस विषय में 2 टॉप स्थान प्राप्त कर परिवार, समाज, विद्यालय व शहर व जिले को गौरान्वित किया है।***

इस अवसर पर गोंदिया जिले के व्यापारियों की पंजीकृत संस्था गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन ने दिव्या इसरका के निवास पर पहुंचकर उपलब्धि के लिये दिव्या एवं समस्त परिवार का पुष्पगुच्छ प्रदान कर भव्य अभिनंदन करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर गोंदिया जिला व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जैन, महासचिव नारी चंदवानी, राजा इसरका, कोषाध्यक्ष महेन्द्र खंडेलवाल के साथ रवि लधानी, सुसेनजीत नंटू सहा, रवि मूंदड़ा, वीरेंद्रसिंग नागभिरे, राजेश पुरोहित, आनंद अग्रवाल, आयुष जैन आदि उपस्थित थे।

प्लॉट बेचना है..
गोंदिया शहर में सराफा मार्केट में होटल ताज दरबार के बाजू में और आईसीआईसीआई बैंक और हनुमान मंदिर के सामने स्थित 7050 वर्गफुट का प्लॉट बेचना है। चारों तरफ से बाउंड्री से सिक्योर्ड है और 3 तरफ से रोड है।
संपर्क करें..
मो. नं. 9300693881
मो. नं. 9179739502

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com